23/07/2011

# Our brother Viveik Oberoi

## Children send him rakhis, and handmade cards



Viveik Oberoi and Priyanka with students of Sandipani Muni School.

Divya Gupta
saron@hindustantimes.com

Raksha Bandhan is an occasion of double fun for the students of Sandipani Muni School, Vrindavan. And why not? After all, they are blessed with two brothers. One is 'Thakur Ji' (Lord Krishna) while the second is actor Viveik Oberoi. Yes, the actor has been an integral part of the lives of these little kids for a couple of years now. The school is run by a social organisation Food For Life, Vrindavan (FFLV) that has been established especially to help poor children and orphans. Viveik is the brand ambassador of FFLV.

Every year, these children send him rakhis and han dmade cards along with best wishes.

Sarita, class 3 student at the school, says, "I love Raksha Bandhan. I celebrate it by tying rakhi to Bihari Ji and have already sent some rakhis to Viveik Bhaiya."

Duty, another student of the school, says, "Viveik Bhaiyya is a lovely brother. Whenever he comes here, he spends most of his time with us and even plays games with us."

Manisha, Sonia, Pooja, Poonam, Anjali, Durga, Anu, Megha, Arti, Duty, Kavita, Santoshi, Nirmala Devi and Anchal wrote a lovely letter for their brother Viveik and sent it along with the rakhis. And from this year on, the thread of love is not restricted just to Viveik as the girls have also sent Lumba (rakhi for females) to Viveik's wife Priyanka.

hindustantimes
htcity
Freida goes vernacular P4
AGRA, Saturday December 24, 2011 www.hindustantimes.com



# SPREADING X-MAS

Divya Gupta
saron@hindustantimes.com

When the world is busy donning their houses with lights, people in Braj are trying to light up the world of the less fortunate.

Radha Madhav, a German national and a volunteer with orphanage Food For Live, an NGO, has planned to devote this Christmas to orphans and teach them lessons on moral values. He said: "I spend six month in India and six month in Germany and I am trying to spend most of the time with them."

He adds: "In Vrindavan we celebrate Christmas with other devotees at Raman Puri in Gopalkrishna Kund. We sing songs that glorify Jesus who came to deliver fallen souls like us. Many affluent persons from the west also sponsor feasts for the children of Vrindavan Sandipani Muni School. But, I want to take the kids from the orphanage for a Pizza party."

Talking about the scenario on Christmas in Mathura and Vrindavan, Radhika Dasi said: "Foreign nationals actively working in Braj celebrate Christmas with much rejoice and what better place can there be to celebrate the occasion on Jesus' birth than on lord Krishna's birth land."

Italian Benedettal Mussi, working as a volunteer in Vrindavan said: "I always celebrate Christmas in Indian form and this year I'm planning to organise a feast for widows. It would be the best way to celebrate Christmas with my Indian friends."

Talking to HT City, Dhatreyi Spencer, from USA, said: "As a child I celebrated Christmas with my friends and family. In Vrindavan, my students are my family and so I would have fun with them."



Radha Madhav with kids at orphanage

> Foreign nationals actively working in Braj celebrate Christmas with much rejoice and what better place can there be to celebrate the occasion on Jesus' birth than on lord Krishna's birth land.
> **Radhika Dasi (first from right)**



Radhika Dasi (first from right) with her friends

दैनिक जागरण

मथुरा, रविवार
30 नवंबर 2014

## नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया

वृंदावन : चैतन्य बिहार कॉलोनी में नाबालिग बालिका के विवाह कार्यक्रम को गंभीरता से लेते हुए सामाजिक संगठन और बाल कल्याण समिति ने संयुक्त रूप से रुकवा दिया। बाल कल्याण समिति की सदस्य प्रतिभा शर्मा के अनुसार बालिका का विवाह संवैधानिक आयु से पहले ही परिजनों द्वारा करवाया जा रहा था। जिसकी रस्म 28 नवंबर को तय थी। बालिका के विवाह की जानकारी उन्हें सांदीपनि मुनि स्कूल से मिली, जहां बालिका अध्ययनरत थी। सांदीपनि मुनि स्कूल की कार्यकर्ता निकुंजवासिनी देवी ने बताया कि बालिका के विवाह किये जाने की जानकारी उसकी हेलियों ने स्कूल में शिक्षकों को दी। शिक्षकों ने बाल कल्याण समिति की मदद से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बार एसोसिशन को भी पत्र लिखकर मामले की जानकारी दी। इन संगठनों के संयुक्त प्रयास से बालिका का बाल विवाह होने से रुकवाया गया। उन्होंने यह भी बताया कि परिजनों की सहमति से बालिका का विवाह उसके बालिग होने तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# दैनिक जागरण

वर्ष 1 अंक 24
पृष्ठ 16+4=20
मथुरा, शनिवार
5 जुलाई 2014
नगर
मूल्य ₹ 3.00


## तुलसी पौध बांट दिया स्वच्छ पर्यावरण का संदेश

**वृंदावन:** स्कूली छात्र-छात्राओं को तुलसी पौध वितरित कर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया गया। चैतन्य बिहार स्थित सांदीपनि मुनि स्कूल में फूड फॉर लाइफ एवं उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बैनरतले आयोजित कार्यक्रम में तुलसी पौध का वितरण हुआ। संस्था उपाध्यक्ष नीरज सहगल ने कहा कि वृन्दावन जो वृन्दा अर्थात तुलसी के नाम से जाना जाता है। इसी उद्देश्य को लेकर उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 4500 पौधे वितरण किये गए। जिसमें 1000 पौधे स्कूल के विद्यार्थियों को वितरित किए। 3500 पौधे वृन्दावन में विभिन्न स्थलों पर वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बाबा मदन बिहारी दास, आचार्य नरेश नारायण, सीमन्त शर्मा, राजेन्द्र सिंह, सिद्धार्थ मल्लिक, अमित दास, दीपानन्द दास, पवन, अनिल मौजूद रहे। संचालन पार्थ सारथी ने किया।

# यमुना को घाटों तक लाने के लिए श्रमदान

## विदेशी और स्कूली बच्चों ने रविवार को की भागीदारी

अमर उजाला ब्यूरो

**वृंदावन।** कृष्ण की लीलाओं की साक्षी रही यमुना महारानी वर्तमान में उपेक्षा का शिकार हैं। वग प्राचीन घाटों से काफी दूर चली गई हैं। इससे घाटों का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है।

यमुना को प्राचीन घाटों पर पुनः लाने के लिए ब्रज वृंदावन हैरिटेज एलायंस, संदीपनि मुनि स्कूल, प्रयास संस्था के अलावा देशी-विदेशी श्रद्धालुओं ने श्रमदान किया। ताकि यमुना का जल प्राचीन चीरघाट एवं केशीघाट पर पुनः प्रवाहित हो सके। इस कार्य में दर्जनों स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों के साथ विदेशी श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। पंजाब के पूर्व डीजीपी केपीएस गिल ने यमुना को वापस घाटों पर लाने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए उन्होंने एक टीम गठित करके ब्रेलवन के ठीक सामने से यमुना की धारा को काटकर एक सीधी नहर वृंदावन के तट से होकर चीरघाट तक लाने का कार्य किया जा रहा है। प्रयास संस्था के अभय वशिष्ठ ने बताया कि ये यमुना का जो वर्तमान स्वरूप है, उसके लिए हम सभी दोषी हैं। यमुना के प्राचीन घाटों पर अनाधिकृत कब्जा कर विभिन्न भवन बनाए जा रहे हैं। साथ ही ठोस कूड़ा डाला जा रहा है। इसका असर यमुना पर पड़ रहा है। इस अवसर पर राम शास्त्री, जगदानंद दास, पार्थ सारथी, राधेश्याम शास्त्री, राजवीर सिंह, गंधर्विका दासी, अनामिका चांडी माताजी आदि उपस्थित थे।



साथी हाथ बढ़ानाः यमुना के चीरघाट पर श्रमदान करते देशी और विदेशी लोग।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

आगरा, सोमवार
12 दिसंबर, 2011
पौष कृष्ण 2 सं. 2068

## यमुना को घाटों तक लाने को श्रमदान

**वृन्दावन समाचार:** वृन्दावन प्राचीन भूमि और मंदिरों का शहर है। वृन्दावन को यमुना नदी अपने पावन जल से सिंचित करती है। यमुना एक मात्र सत्यापित धारा है जो आदि काल से वृन्दावन में बह रही है जो कृष्णकाल की साक्षी है।

वर्तमान में यमुना वृन्दावन के घाटों से दूर हो गयी है जिससे इसके घाटों का अस्तित्व ही निरूपाय हो गया है। जिससे देश विदेश से आने वाले भक्त एवं तीर्थयात्रियों को काफी निराशा होती है।

यह बात रविवार को पंजाब पुलिस के पूर्व डीजीपी के.पी.एस. गिल ने यमुना को घाटों पर लाने को गठित हुई टीम द्वारा यमुना की धारा को काटने के लिए श्रमदान के समय कही।

उन्होंने कहा कि टीम द्वारा किये जा रहे श्रमदान से यमुना का जल प्राचीन चीरघाट एवं केशीघाट पर पुनः प्रवाहित होगा। उन्होंने कहा कि यमुना का जो वर्तमान स्वरूप है हम सभी इसके लिए दोषी है।



यमुना में रविवार को श्रमदान करते श्रद्धालु।

यमुना के किनारे पर प्राचीन घाटों ए
स्थानों पर अनाधिकृत कब्जाकर विभिन
भवन बनाये जा रहे हैं एवं ठोस कूड़ा
डाला जा रहा है।

सरकार के द्वारा भी चीरघाट पर जो ब्रि
निर्माण कराया जा रहा है उसके लिए
यमुना की खादर जमीन को भरा गया ता
भारी मशीनों की आवाजाही हो सके। गि
ने कहा कि यमुना में किया जा रहे श्रमद
में टीम के सदस्यों के साथ-साथ स्थान
लोगों के सहयोग की भी आवश्यकता
जब तक स्थानीय लोग इस कार्य से न
जुड़ेंगे तब तक कार्य में सफलता मिल
संभव नहीं। इस कार्य के सहयोग में
वृन्दावन हैरीटेज एलायंस के तत्वावधान
सांदीपनि मुनि स्कूल, प्रयास संस्था
छात्र-छात्राओं ने मिलकर श्रमदान कि
इस अवसर पर अभय वशिष्ठ, राम शा
जगदानंद, पार्थ सारथी, राधेश्याम शा
राजवीर सिंह, गंधर्विका दासी, अनाि
एवं चांडी माताजी आदि मौजूद थीं।

दैनिक जागरण
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
आगरा, मंगलवार
25 अक्टूबर, 2011
कार्तिक कृष्ण 13-14 सं. 2068



अमेरिका की म्युजिकल कम्पनी के कलाकार शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करते हुए।

# अमेरिकन ग्रुप ने पेश किया भारतीय शास्त्रीय गायन

वृन्दावनः फूड फार लाइफ द्वारा संचालित सांदीपनि मुनि स्कूल में अमेरिका से आये एक म्यूजिक ग्रुप ने भारतीय शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी बीए परमद्वैती स्वामी ने कहा कि हम सांदीपनि मुनि स्कूल के बच्चों के बीच आकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह भी भक्ति का एक प्रकार है। संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय समन्वयक रूपा रघुनाथ दास ने कहा कि यह ऐसा अवसर है जब दो संस्कृतियां आपस में मिलकर अपनी-अपनी संस्कृतियों को बांट रही हैं। उन्होंने कहा कि यह आपसी सौहार्द का बेहतरीन तरीका है।

इससे पहले म्यूजिक ग्रुप हवाई अमेरिका से आये ब्रहन दासी ने हारमोनियम पर, महेश दास ने बांसुरी पर, उर्शुला यूएटर व मेरी कोलियर ने वायलिन पर, जीने पयरै थेमा केरियन्ट, ऐरोन नर्मस ने तबला व ड्रम पर प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को तालियां बजाने को विवश कर दिया। कार्यक्रम के आरम्भ में ग्रुप ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में नीरज सहगल, वृन्दा देवी, राजेन्द्र सिंह, सीमंत शर्मा, पार्थसारथी उपस्थित थे।

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शनिवार, 27 अगस्त 2011, आगरा, पांच प्रदेश, 16 संस्करण मथुरा संस्करण www.livehindustan.com




जापान सरकार से मिली आर्थिक सहायता से कीकी के नगला में संदीपनि मुनि प्राइमरी स्कूल के उदघाटन अवसर पर बच्चों के साथ जापान सरकार के प्रतिनिधि। • फोटो: हिन्दुस्तान

## जापान सरकार ने 70 हजार यूएस डॉलर की सहायता राशि प्रदान की

# जापान सरकार ने शिक्षा प्रसार को बढ़ाए कदम

**वृंदावन| हिन्दुस्तान संवाद**

मंदिरों की नगरी वृन्दावन में निर्धन बच्चों को शिक्षा का प्रसार करने के लिए जापान सरकार ने 70 हजार यूएस डॉलर की

स्थिति को देखा और उदघाटन किया। डा. गोकी झे ने कहा कि विद्यालय में निर्धन बच्चों के बीच हो रही शिक्षा के प्रसार को देखकर गौरव का अनुभव हो रहा है। जापान सरकार और वहां के निवासियों की

DLA डीएलए
आगरा, रविवार, 24 जुलाई, 2011 मूल्य ₹ 1 वर्ष: 5 अंक: 124 पृष्ठ : 12

# विवेक-प्रियंका ने देखे हॉस्पिटल, पार्क और स्कूल

## स्टूडेंट्स ने भेंट किए ग्रीटिंग कार्ड और पोस्टर

**मथुरा/वृंदावन।** फिल्म अभिनेता और संदीपन मुनि स्कूल के ब्रांड एम्बेसडर विवेक ओबराय अपनी पत्नी प्रियंका ओबराय के साथ फूड फॉर लाइफ संस्था द्वारा ग्राम कीकी नगला में संचालित हॉस्पिटल, हस्तनिर्मित कागज कारखाना, जैविक खेती फार्म, गोशाला और स्कूल की नई शाखा का भ्रमण करने पहुंचे।

संस्था की परियोजनाओं को देखकर वह काफी प्रफुल्लित दिखाई दिए। कहा कि इतनी सुविधाएं पाकर ब्रज में कोई भी बच्चा अशिक्षित नहीं रह सकता है। यहां स्कूल के बच्चों ने उन्हें ग्रीटिंग कार्ड और अपने द्वारा बनाए गए पोस्टर भेंट किए। इस दौरान उनके साथ संस्था के अंतर्राष्ट्रीय समन्वयक रूपा रघुनाथ दास, डीएम एनजी रविकुमार, एडीएम (कानून व्यवस्था) अवधेश कुमार तिवारी, जीएलएनए के वाइस चेयरमैन विवेक अग्रवाल, भारतविकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, नरेंद्र गया वाले, जीएम नीरज सहगल, वृंदादेवी दासी और पार्थ सारथी आदि मौजूद थे।




वृंदावन के ग्राम कीकी नगला में फूड फॉर लाइफ द्वारा संचालित स्कूल में अभिनेता विवेक ओबराय तथा प्रियंका ओबराय को ग्रीटिंग कार्ड भेंट करते स्टूडेंट्स। Photo-DLA

23/07/2011

talktous@hindustantimes.com

Madhur but you'll have to

changes that she's

open to all kinds of cinema."

# 'Vrindavan visit is always energising'

## Vivek Oberoi with wife Priyanka, spends two days in Vrindavan among the kids of a school of which the celeb is the brand ambassador


**Divya Gupta**
saron@hindustantimes.com


HT PHOTOS



Vivek and Priyanka at the Sandipani Muni School and (below) celebs pose with schoolkids



Campus of Sandipani Muni School in Vrindavan remained abuzz with activities of kids in conversation with their favourite celebrity on Friday. This time, however, Vivek Oberoi was accompanied by his wife Priyanka.

The couple was surrounded by chirpy kids and enjoyed every bit of the moment they shared with the kids during their two-day stay in Mathura and Vrindavan on Thursday and Friday.

An NGO, Food For Life (Vrindavan) (FFLV) is running Sandipani Muni School in Vrindavan for poor, orphan and underprivileged kids and Vivek is the brand ambassador of FFLV.

On Friday evening, Vivek and Priyanka attended the cultural programme organised by the students.

They also participated in several games with kids and visited the hospital and an orphanage run under the supervision of the NGO.

In an exclusive chat with HT City, the couple shared their views about FFLV.

"FFLV is an important part of our life. It's a privilege coupled with pleasure for me and I feel honoured to be a part of this NGO. It is the first visit for Priyanka and I am happy to know that she is inclined towards helping the kids. The NGO has now become an integral part of our life," said Vivek.

"I have visited many places in India and abroad, but a city which is nearest to my heart is Vrindavan. I find a source of constructive energy here which encourages me to do social work," he added.

Talking about the strength epitomized by the fair sex, Vivek said, "Women are responsible for the development of the country, society, family and they bring the best out in men too because they are more creatively dedicated towards their work as compared to men. I am sure that all the students of FFLV will make us feel proud one day. I met some students here who recently visited London and they shared their experience of the trip with me," added Vivek.

> FFLV is an important part of our life. It's a privilege coupled with pleasure for me and I feel honoured to be a part of this NGO. It is the first visit for Priyanka and I am happy to know that she is inclined towards helping the kids. The NGO has now become an integral part of our life.
>
> **Vivek Oberoi**

Not only Vivek but his wife Priyanka also appeared delighted with the warmth of exuded by the students.

"I feel fortunate to have visited the famous Bihari Ji temple dedicated to Lord Krishna in the month of saawan. I respect my husband for his inclination towards social causes and take it more as a responsibility than as a charity. I also met the kids of FFLV and really feel impressed with their conduct, knowledge and passion for their work despite odds faced by them in life," said Priyanka while she was quick to add, "We would come back soon."

# कल्पतरु एक्सप्रेस

वर्ष: 1 अंक: 353 मथुरा, बुधवार, 27 जुलाई 2011 श्रावण कृष्ण 12, विक्रम संवत् 2068 मूल्य : 2.00 रु. पृष्ठ: 16


## लंदन भ्रमण से लौटे संदीपनि मुनि स्कूल के छात्र



लंदन की यात्रा कर लौटे संदीपनि मुनि स्कूल के छात्र एवं शिक्षक।

**वृन्दावन।** विगत दिनों संदीपनि मुनि स्कूल का शिक्षक एवं छात्राओं का एक दल लंदन के भ्रमण पर गया। जहां दल ने अनेक स्कूलों व दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया।

सर्वप्रथम बच्चे स्टॉक ऑन ट्रेंट नामक शहर गये। वहां पर मिचेल हाईस्कूल का भ्रमण किया। इसके बाद अन्य शहरों लेस्टर व मेनचेस्टर में अनेक स्कूल, पार्क व मंदिर आदि स्थानों पर गये। फिर लंदन आकर इस्कॉन द्वारा संचालित कृष्णा अवन्ती स्कूल का भ्रमण किया। इतना ही नहीं दल ने ब्रिटिश पार्लियामेन्ट, पीएम हाउस, बकिंघम पैलेस, टावर ब्रिज, टेम्स नदी, लंदन आई और बिग बेन आदि का भ्रमण कर जानकारी प्राप्त की। दल में शामिल अध्यापक बृजेशचन्द्र ने बताया कि लंदन की जनता पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करती है तो वृन्दावन को भी कुछ ऐसा बनाया जा सकता है, परन्तु आवश्यकता है सामूहिक प्रयास की। शिक्षिका मोनिका गोस्वामी ने कहा कि लंदन में तकनीकी शिक्षा का विशेष महत्व है। दल में स्कूल के छात्र-छात्राओं पूनम शर्मा, कुलदीप चौबे, मिथलेश सिंह एवं संगीता वास ने यात्रा को शानदार बताया।

### संदीपनी मुनि स्कूल के स्टूडेंट्स के इंग्लैंड शैक्षणिक भ्रमण के अनुभव

# शिक्षा में संस्कृति, तकनीकी का समावेश करना होगा

- वहां के एटीट्यूट और कॉन्फीडेंस से प्रभावित दिखे स्टूडेंट्स
- भारतीय शिक्षा प्रणाली में बदलाव की लालसा उनके मन में

वृंदावन। [illegible]





वृंदावन स्थित संदीपनी मुनि स्कूल में इंग्लैंड भ्रमण कर लौटे स्टूडेंट्स और टीचर्स अपने अनुभव पत्रकारों को बताते हुए। दूसरे चित्र में इंग्लैंड के एक स्कूल की कम्प्यूटर लैब में टीचर्स के साथ जानकारी लेते संदीपनी मुनि स्कूल के स्टूडेंट्स। Photo DLA

[illegible]


**आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा**

**संशोधित निविदा सूचना**

दिनांक 13.07.2011 को समाचार-पत्र डी0एल0ए0 व दाता सन्देश एवं दिनांक 14.07.2011 को अमर उजाला में प्रकाशित निविदाएं अपरिहार्य कारणों से दिनांक 28.07.2011 की जगह दिनांक 03.08.2011 को टैक्नीकल बिड व इन्हीं निविदाओं की प्राईस बिड दिनांक 05.08.2011 को प्राप्त एवं खोली जायेगी

अधिशासी अभियन्ता


## भागवत कथा चार अगस्त से

वृंदावन। [illegible] ट्रस्ट के तत्वावधान में चार से 10 अगस्त तक [illegible] मंदिर में प्रातः नौ से 12 बजे तथा अपराह्न 3:30 बजे से 6:30 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा आयोजित होगी। कथा व्यास स्वामी [illegible] भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे।


**वर्ष 2011-12 में खेल-कूद कोटा (खुली भर्ती) के अतर्गत भर्ती**

**रोजगार सूचना सं. SQ 2011-12 दिनांक: 30.06.2011, अंतिम तिथि: 30-08-2011, 18-00 बजे तक।**
**अण्डमान, निकोबार और लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों हेतु अन्तिम तिथि : 14-09-2011 18-00 बजे तक।**

उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद में खेलकूद कोटा (खुली भर्ती) के तहत समूह "ग" (ग्रुप "सी") में भर्ती के लिए विनिर्दिष्ट खेलकूद मानक पूरा करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**खेलों के निम्नलिखित क्षेत्र में भर्ती की जानी है :-**

| क्र. सं. | खेल का नाम | पे बैण्ड-1, वेतनमान- 5200-20200 | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ग्रेड पे- 2800-2400 | ग्रेड पे- 1900-2000 | ग्रेड पे- 1800 | |
| | | पदों की संख्या- 03 | पदों की संख्या- 09 | पदों की संख्या- 04 | |
| 01 | बैडमिन्टन | - | 02 - खिलाड़ी | - | 02 |
| 02 | क्रिकेट (पुरुष) | - | 02 - बल्लेबाज | - | 02 |
| 03 | क्रिकेट (महिला) | - | 01 - बल्लेबाज | - | 01 |
| 04 | हॉकी (महिला) | 02 - फारवर्ड | 01 - हाफ<br>02 - फारवर्ड | 01 - हाफ, 01 - फुल बैक<br>01-गोलकीपर | 08 |
| 05 | फुटबाल (पुरुष) | - | - | 01- फुल बैक | 01 |
| 06 | कुश्ती (पुरुष) | 01- 74 किग्रा. फ्रि स्टाइल | 01- 55 किग्रा. फ्रि स्टाइल | - | 02 |
| | कुल संख्या | 03 | 09 | 04 | 16 |

**शैक्षणिक योग्यता:**
(क) ग्रेड पे ₹ 1800/- के पद हेतु : मैट्रिकुलेशन, आई टी आई या समकक्ष परीक्षा पास हो।
(ख) ग्रेड पे ₹ 1900/- एवं ₹ 2000/- के पद हेतु : 50% मैट्रिकुलेशन परीक्षा पास या उच्चतर परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
(ग) ग्रेड पे ₹ 2400/- (तकनीशियन) पद हेतु : गणित या भौतिक विषय के साथ मैट्रिकुलेशन एवं इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
(घ) ग्रेड पे ₹ 2800/- के पद हेतु : किसी विश्वविद्यालय या समकक्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।
**आयु:** आयु सीमा 01-01-2012 को 18 वर्ष से 25 वर्ष। आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जायेगी।
**परीक्षा शुल्क :-** अभ्यर्थी को **वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे,** के पक्ष में **भारतीय पोस्टल आर्डर** अथवा **डिमांड ड्राफ्ट** जो इलाहाबाद में देय हो संलग्न करना होगा।
(क) ग्रेड पे ₹ 2400, 2800/- के पद हेतु : ₹ 60/-
(ख) ग्रेड पे 1800, 1900, 2000/- के पद हेतु : ₹ 40/-
**किसे आवेदन करें :-** सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र को लिफाफे में भरकर **सहायक कार्मिक अधिकारी/आई.आर., उत्तर मध्य रेलवे, प्रधान कार्यालय, सरस्वती ब्लॉक, सूबेदारगंज, इलाहाबाद-211033** के पते पर इस प्रकार से भेजा जाए कि यह अनिवार्य रूप से अंतिम तिथि 30-08-2011 के अन्दर प्राप्त हो जाए। आवेदन पत्र मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रधान कार्यालय, सरस्वती ब्लॉक, सूबेदारगंज, इलाहाबाद में रखे गये बाक्स में अंतिम तिथि और समय के पूर्व किसी भी कार्यदिवस (सोमवार से शुक्रवार) तक डाले जा सकते हैं। आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर पर **"खेलकूद कोटा वर्ष 2011-12 के तहत आवेदन (मूल विज्ञापन सहित)"** लिखा होना चाहिए। भर्ती के लिए खेल-कूद मानक, शैक्षणिक योग्यता, आयु, आवेदन प्रक्रिया, सामान्य शर्तें एवं आवेदन फार्म तथा जाति प्रमाण पत्र/निवास प्रमाण पत्र के प्रारूप आदि सहित विस्तृत जानकारी दिनांक 23.07.2011 के रोजगार समाचार/इम्प्लायमेन्ट न्यूज़ में देखें।

516/11 (A)

**उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद**


# फिर मिली मौत के सफर को इजाजत!

### नाम के लिए की जाती है खानापूर्ति

गोवर्धन। [illegible]



गोवर्धन से सीधा होकर भरतपुर जाने वाली प्राइवेट बस की छत पर बैठे यात्री। Photo DLA

[illegible]



वृंदावन स्थित आईओपी कॉलेज के सामने विश्वविद्यालय द्वारा फीस वृद्धि के विरोध में अर्द्धनग्न होकर प्रदर्शन करते एनएसयूआई के कार्यकर्ता। Photo DLA

## फीस वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन

वृंदावन। [illegible]

अकिंचन भारत

आगरा, गुरुवार 5 मई 2011 वैशाख, शुक



वृन्दावन में सांदीपनी मुनि स्कूल पर प्रदर्शनी का अवलोकन करते अधिकारी, बच्चे व अन्य।

# पृथ्वी दिवस पर फूड फॉर लाइफ ने लगाई प्रदर्शनी

वृन्दावन। फूड फॉर लाइफ संस्था द्वारा पर्यावरण मंत्रालय एवं केन्द्रीय पर्यावरण शिक्षण संस्थान के सहयोग से बुर्जा रोड स्थित सांदीपनी मुनि स्कूल पर पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं द्वारा अनुप्रयोज्य वस्तुओं द्वारा उपयोगी वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें भूत, वर्तमान एवं भविष्य मॉडल, हस्तनिर्मित कागजों से बने विभिन्न उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहे।

समारोह मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक वैज्ञानिक अधिकारी डा. अरविंद ने कहा कि गुरू सांदीपनी ने भगवान कृष्ण को शिक्षा दान दी एवं उनके नाम पर संस्थापित यह संस्था विश्व में अपना नाम रोशन करेगी।

पृथ्वी दिवस केवल एक दिन न मनाकर पूरे वर्षभर मनाया जाना चाहिये। आज सभी को प्रकृति मां की आवश्यकता है। उसे नग्न कर कंक्रीट से न ढके बल्कि अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्रदूषण को कम करें।

इस आयोजन में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये, जिसमें भरतनाट्यम्, ओडिसी, लोकनृत्य, संगीत गायन व नाटक की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की। बच्चों तथा उपस्थित जनों द्वारा पृथ्वी के पर्यावरण को बचाये जाने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया। ब्राजील से आई गौरांगी दासी ने भरतनाट्यम् प्रस्तुत कर सभी का मन जीत लिया।

इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह, वृन्दा देवी दासी, सुनील लवानिंया, अनिल, पार्थसारथी, गणमान्य नागरिक एवं शिक्षकवृन्द उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीमंत शर्मा एवं सोनिया चौधरी ने किया।

अकिंचन
भारत
आगरा, गुरुवार 20 जनवरी 2011

# पोलैंड बैण्ड की सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शक प्रफुल्लित

वृन्दावन। चैतन्य विहार स्थित सांदीपनि मुनि स्कूल में पोलेंड से आए सांस्कृति टीम तथा बैंड ने अपने देश की सांस्कृतिक विरासत को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बखूबी प्रदर्शित किया, जिसे बच्चों तथा उपस्थित गणमान्यों ने सराहा। कार्यक्रम संयोजक फादर एंड्रयू स्पार्क ने जानकारी देते हुए बताया कि हम भारत के प्रवास पर हैं और अपने बैंड की दसवीं वर्षगांठ यहां मना रहे हैं। इस म्यूजिक बैंड में 25 आर्केस्ट्रा सदस्य, 35 कोरस सदस्य तथा एक ड्रमा ग्रुप है। हमें आज ब्रजभूमि में अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए परम हर्ष हो रहा है और भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता को समझने का अवसर भी मिला है। वृंदा कुंज के स्वामी परम अद्वैत ने बताया कि संसार का निर्माण प्रभु ने किया है, हम अलग-अलग रूप में प्रभु की पूजा करते हैं, परंतु सभी धर्म अलग-अलग होने के बावजूद भी एक ही प्रभु के प्रेम और सौहार्द से जुड़े रहना चाहते हैं। आज दो संस्कृतियां एक-दूसरे को समर्पित होकर समझ रही हैं, यह एक संयोग है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ सांदीपनि मुनि स्कूल के बच्चों द्वारा कीर्तन गायन से हुआ। तत्पश्चात पोलेंड के म्यूजिक ग्रुप द्वारा अपने देश के कई गीतों के मधुर संगीत को प्रस्तुत किया तथा हिंदी भजन सूरज की गर्मी से तपते हुए तन को मिल जाए तरुवर की छाया की सभी ने सराहना की।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से रूपा रघुनाथ दास, राजेंद्र सिंह, सीमंत, तामस पिजिक, फादर सिल्वेस्टर, रोजेम वर्ग, भक्ति वेदांत. श्रीधर, आत्माराम दास, स्कूल के शिक्षक व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालन पोलेंड ग्रुप के एड्रियन स्कोचिलश ने किया। 6



वृन्दावन में संदीपनि मु[illegible] पर पोलैंड की ऑर्केस्ट्रा टीम प्रस्तुति देती हुई। फोटोः अकिंचन भारत

DLA डीएलए

>>> आगरा, शनिवार, 15 फरवरी, 2014 मूल्य ₹ 2 वर्ष: 7 अंक: 326 पृष्ठ : 24

# अपराध के प्रति चुप न बैठें महिलाएं

## 'वन विलियन राइजिंग फॉर जस्टिस' मुहिम पर निकले स्टूडेंट्स

**वृंदावन।** महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, हिंसा और अत्याचार के खिलाफ फूड फॉर लाइफ संस्था द्वारा संचालित संदीपनि मुनि स्कूल के स्टूडेंट्स 'वन विलियन राइजिंग फॉर जस्टिस' मुहिम पर निकल पड़े। इसमें उनका साथ दिया स्कूल के टीचर्स समेत विदेशी युवक-युवतियों ने। महिला सशक्तिकरण की अवधारणा को लेकर आयोजित जनजागरूकता अभियान के तहत स्कूल के स्टूडेंट्स ने शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह, घरेलू हिंसा और महिलाओं के साथ बढ़ रही छेड़छाड़ की घटनाओं पर आधारित नाटक की प्रस्तुति कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।



वृंदावन में संदीपनि मुनि स्कूल द्वारा निकाली गई वन विलियन राइजिंग फॉर जस्टिस जागरूकता रैली में बच्चों को संबोधित करते मुख्य अतिथि डीआईजी व एसएसपी गुलाब सिंह। साथ में हैं बाल कल्याण समिति की सदस्य मजिस्ट्रेट प्रतिभा शर्मा। Photo-DLA

मुख्य अतिथि झांसी के नवनियुक्त डीआईजी गुलाब सिंह ने कहा कि महिला व बालिका अपने साथ होने वाले किसी भी अपराध के प्रति चुप न बैठें बल्कि इलाका पुलिस या महिला हैल्प लाइन 1090 पर संपर्क कर आरोपी के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही कराएं। उन्होंने कहा कि पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह से तत्पर है।

विशिष्ट अतिथि विम्बलडन टेनिस चैम्पियन और कोच पीटर बरवॉश ने कहा कि पुरुषों का सकारात्मक व्यवहार व विचार महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों को रोकने में कारगर सिद्ध हो सकता है। बाल कल्याण समिति की सदस्य मजिस्ट्रेट प्रतिभा शर्मा ने बच्चों को उनके अधिकारों से अवगत कराया। इस मौके पर इनेके जोनडोन (दुबई), रूपारघुनाथ दास, नीरज सहगल, डा. वर्तिका किशोर, डा. अनंत यादव, निशा चौधरी, अनीता क्षेत्रपाल, निर्गुणाअवतार मणि, छायावेन कोटक, राधिका, अम्बिका, राधाचरण, राजेंद्र सिंह, सुनील लवानियां, सीमंत शर्मा और पार्थ सारथी आदि मौजूद रहे। संचालन श्वेता गोस्वामी और प्रीति भारद्वाज ने किया।

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

महिला के शिक्षित होने पर पीढ़ियां होती हैं शिक्षितः मोदी

पेज 11 | मुजफ्फरनगर दंगों में 10 मु

रविवार, 9 मार्च 2014, आगरा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण

मथुरा संस्करण

www.livehindustan.com




दिल्ली के सबसे बड़े मॉल में आयोजित कार्यक्रम में फिल्म स्टार विवेक ऑबरॉय के साथ वृन्दावन के सांदीपनि मुनि स्कूल की छात्राएं।

## सौ छात्राओं की शिक्षा का शॉपिंग मॉल ने लिया जिम्मा

**वृन्दावन।** फूड फॉर लाइफ संस्था एवं बॉडी शॉप के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली के स्लेक्ट सिटी वॉक शॉपिंग मॉल में महिला दिवस बनाया गया। द बॉडी शॉप ने इस दौरान सपोर्ट हर एजूकेशन के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में सांदीपनि मुनि स्कूल की सौ बालिकाओं की शिक्षा का खर्च वहन करने के लिए धनराशि एकत्र करना है। स्कूल के ब्रांड एम्बेसडर फिल्म स्टार विवेक ऑबरॉय ने बताया कि स्कूल की बालिकाओं के शिक्षा प्रदान करने के लिए वह दृढ संकल्पित है। इस दौरान स्कूल की छात्राओं ने महिला विषयक विशेष समाज में लड़कियों के प्रति भेदभाव, बाल विवाह, हिंसा आदि पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह, श्वेता गोस्वामी, श्रेया घोष, निकुंजवासिनी, पॉल, चैतन्य नित्यायी दास आदि उपस्थित थे।

आगरा । रविवार 09 मार्च 2014

अकिंचन भारत

# शॉपिंग मॉल के आयोजन से बालिका शिक्षा को धन जुटाया



दिल्ली के शॉपिंग मॉल पर कार्यक्रम में सिने अभिनेता विवेका ओबरॉय के साथ छात्राएं।

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन
- छात्राओं ने प्रस्तुति से मन मोहा

वृन्दावन। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में फूड फॉर लाइफ संस्था एवं द बॉडी शॉप के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली स्थित सलेक्ट सिटी वॉक शॉपिंग मॉल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने महिला विषयक, समाज में लड़कियों के प्रति भेदभाव व बाल विवाह आदि पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सांदीपनी मुनि स्कूल में सौ बालिकाओं की शिक्षा का खर्च वहन करने हेतु धनराशि एकत्र करने के उद्देश्य से सपोर्ट हर ऐजुकेशन के नाम पर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विद्यालय के ब्रांड एंबेसडर सिने अभिनेता विवेक ओबरॉय ने कहा कि इस स्कूल में बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ सभी आवश्यक वस्तुऐं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। इस वृहद कार्य में सहयोग करने के लिए उन्होंने सभी का आह्वान किया।

प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने बताया कि फूड फॉर लाइफ संस्था द्वारा हिंसा निरोधक कार्यक्रम आरंभ किया गया है, जिसके जरिए इस प्रकार की घटनाओं के प्रति जागरुकतापरक कार्यक्रम तथा ऐसी घटनाओं की रोकथाम व वृंदावन की बालिकाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु सम्मिलित प्रयास किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में श्वेता गोस्वामी, श्रेया घोष, निकुंजवासिनी देवी, पॉल, चैतन्य निताई दास सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
पुलिस अधिकारियों के आवास पर लगेगा 'जहांगीरी घंटा'
पेज 21 ▌ भारत पर पाक की राय लेना
रविवार, 26 जनवरी 2014, आगरा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण
मथुरा संस्करण www.livehindustan.com

### आयोजन में नन्हे विद्यार्थियों को स्कूल बैगव पाठ्य सामग्री दी जा रही है

# नव वर्ष उपहार महोत्सव मनाया

वृन्दावन | हिन्दुस्तान संवाद

फूड फॉर लाइफ वृन्दावन द्वारा वृहद स्तर पर नव वर्ष उपहार महोत्सव का आयोजन का शुभारंभ किया। इस आयोजन में पांच हजार निर्धन नन्हें विद्यार्थियों को नव वर्ष के उपहार के रुप में स्कूल बैग, खाद्य सामग्री, पाठ्य सामग्री दी जा रही है।

महोत्सव के मुख्य अतिथि समाजसेवी नरेन्द्र अग्रवाल गया वाले ने कहा कि संस्था का यह प्रयास एक सराहनीय एवं अनुकरणीय कार्य है। नव वर्ष में बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कान, खुशी दिखाई देती है वह अत्यंत आत्मिक संतोष प्रदान करने वाली है। नव वर्ष की नवीनता में एक नवीन उपहार मिलने की प्रसन्नता बच्चों के अबोधमन में एक उत्साह का संचार करती है जो निर्धन परिवारों के इन अभावग्रस्त बच्चों के व्यक्तित्व विकास में संस्था एवं सांदीपनि मुनि स्कूल का एक अभिनव योगदान है। संस्था के सचिव अवधेश अग्रवाल गया वाले ने जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष

## खिले बच्चों के चेहरे

- उपहार महोत्सव का आयोजन का शुभारंभ किया
- गांव की पाठशालाओं के बच्चों को भी यह उपहार दिया जाएगा

2002 से ही प्रतिवर्ष नवीन वर्ष के आगमन पर बच्चों को अपहार वितरित किया जाते हैं। इस वर्ष अधिक ठण्ड होने से स्कूलों का अवकाश होने के कारण आज से शुरु किया जा रहा है। इस बार पांच हजार बच्चों को उपहार वितरित किए जाएंगे। इसमें सांदीपनि मुनि स्कूल के 1400 बच्चों को यह उपहार दिया जा रहा है। इसके पश्चात नगर क्षेत्र के आसपास गांव के सरकारी पाठशालाओं के बच्चों को भी यह उपहार दिया जाएगा। उपहार में ऊनी कैप, पेंसिल, साबुन, बिस्कुट, चॉकलेट, मूंगफली एवं स्कूल बैग हैं। संस्था के महाप्रबंधक नीरज सहगल ने कहा कि विगत दिवस विश्व बालिका दिवस के रुप में मनाया गया। इस संदर्भ में आज बच्चों को जानकारी प्रदान की गई। विशेषकर बालिकाओं के अधिकार एवं समाज में हो रही भेदभाव के प्रति जागरुकता पर जोर देकर इसके खिलाफ सामुहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह, सीमन्त शर्मा, सुनील लवानिया, धाभी देवीदासी, राधिका दासी, क्रिस्टीना, श्रीमती कमला अग्रवाल, कंचन अग्रवाल एंव देश-विदेश से आए लोग उपस्थित थे।



सांदीपनि मुनि स्कूल में नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों को उपहार स्वरुप स्कूल बैग वितरित करते समाजसेवी नरेन्द्र अग्रवाल गया वाले, अवधेश अग्रवाल एवं अन्य।

THE SEA EXPRESS
आगरा • रविवार, 26 जनवरी 2014

# सांदीपनी मुनि स्कूल में गरीब बच्चों को बांटे उपहार

द सी एक्सप्रेस न्यूज

**वृंदावन।** गरीब एवं कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षित बनाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही संस्था फूड फार लाइफ द्वारा शनिवार को सांदीपनि मुनि स्कूल में हुए नववर्ष उपहार उत्सव में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेन्द्र अग्रवाल गया वालों ने कहाकि संस्था द्वारा गरीब एवं निचले तबके के लोगों के बच्चों को समाज की मुख्य धुरी के साथ जोड़ने व शिक्षित बनाने का जो कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय है।

संस्था सचिव अवधेश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षित समाज ही राष्ट्र के विकास का आधार है। स्कूल द्वारा बच्चों को शिक्षित बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नववर्ष के उपहार उत्सव में बच्चों को पाठ्य सामग्री के साथ-साथ गरम वस्त्रों का वितरण भी किया गया है। संस्था के महाप्रबन्धक नीरज सहगल ने जानकारी देते हुए कहा कि शुक्रवार को विश्व बालिका दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह, सीमन्त शर्मा, सुनील लवानियां, घामी देवी दासी, राधिका दासी, क्रिस्टीना, कमला अग्रवाल, कंचन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।




वृंदावन के सांदीपनी मुनि स्कूल में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते नरेन्द्र अग्रवाल गया वाले व अन्य। फोटोः द सी एक्सप्रेस

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
आगरा/मथुरा, 26 जनवरी 2014

## बच्चों को बांटे उपहार और पाठ्य सामग्री



वृंदावन के सांदीपन मुनि स्कूल में बच्चों को नये वर्ष के उपलक्ष्य में पुरस्कृत करते शिक्षक और शिक्षिकाएं।

**जागरण संवाददाता, वृंदावन:** फूड फॉर लाइफ संस्था की ओर से स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री व उपहार वितरित किए गए।

सांदीपनि मुनि स्कूल में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में नरेंद्र गया वाले ने कहा कि फूड फॉर लाइफ का यह सराहनीय प्रयास है। नये साल पर बच्चों के मुस्कुराते चेहरे आत्मिक शांति देते हैं। अभावग्रस्त बच्चों के व्यक्तित्व विकास में संस्था एवं सांदीपनि मुनि स्कूल का प्रयास सराहनीय है। अवधेश अग्रवाल ने कहा फूड फॉर लाइफ द्वारा 2002 में शुरू की गई बच्चों को उपहार देने की योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ है। जिसमें सांदीपनि मुनि स्कूल के साथ अन्य स्कूल के पांच हजार बच्चों को उपहार वितरित किए जाएंगे। जिसमें ऊनी कैप, पेंसिल, इरेजर, शार्पनर, बेलीन, साबुन, बिस्किट, चॉकलेट, टॉफी, बॉल, मूंगफली के अलावा स्कूल बैग भी शामिल है।

संस्था के महाप्रबंधक नीरजू सहगल ने कहा कि शुक्रवार को विद्यालय में विश्व बालिका दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, सीमंत शर्मा, सुनील लवानिया, धामी देवी दासी, राधिका दासी, क्रिस्टीना, कमला अग्रवाल, कंचन अग्रवाल व अन्य मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 12 जून 2014, आगरा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण
मथुरा संस्करण
www.livehindustan.com

सुनरख वन क्षेत्र को हराभरा करने के उद्देश्य से लगाये गये थे, लेकिन सूख गए

# देखरेख के अभाव में नष्ट हुए हजारों पेड़

वृन्दावन | हिन्दुस्तान संवाद

ब्रज वृन्दावन हेरीटेज एलायंस ने सुनरख वन भूमि का जायजा लिया। एलायंस के पदाधिकारियों ने गर्मी में देखरेख के अभाव वनोत्सव पर डीएम एवं एसएसपी सहित प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में लगाए गए वृक्षों का हाल बुरा पाया। एक वर्ष पूर्व लगे 16000 वृक्षों में से आधे से अधिक पेड़ नष्ट हो गए। इस पर एलायंस ने रोष जताते हुए वन विभाग को सुझाव दिए हैं।

एलायंस के वरिष्ठ सदस्य बाबा मदनबिहारी दास महाराज के साथ एक दर्जन से अधिक एलायंस के पदाधिकारियों ने सुनरख रिजर्व फोरेस्ट में एक वर्ष पूर्व लगे पौधों का जायजा लिया। वन भूमि की दुर्दशा एवं पौधों की सिंचाई में खारे पानी का प्रयोग, सुरक्षा के नाकाफी इंतजामात, वन कर्मचारियों की कमी एवं पौधों के देखरेख का घोर अभाव देखा। एलायंस सदस्य आचार्य नरेश नारायण एवं पार्थ सारथी ने कहा कि वन भूमि में पौधों की देखरेख उचित तरीके से नहीं की जा रही है बल्कि यहां संसाधनों का अभाव है। इसमें उन्हें वन अधिकारियों की साजिश की बू आ रही है। उनका कहना है कि सुनरख रिजर्व फोरेस्ट की भूमि कीमती है। वह भूमि को भूमाफियाओं को देना चाहते हैं। वन विभाग के कुछ अधिकारी यहां किसी तरह की वन एवं पौधे लगाना नहीं चाहते। जो पौधे लगे हैं।

उनको खारे पानी से सिंचाई करना और उनकी देखरेख का अभाव इस ओर इशारा करता है। यही कारण है कि इस भूमि में पेड़ लगाने में शुरुआत से ही वन विभाग के अधिकारियों ने अनबन की है। राधेश्याम चौधरी एवं प्रेम सिंह प्रधान ने कहा कि जो जिस तरह सर्दियों में पाले के कारण तीन हजार से अधिक पेड़ नष्ट हुए। लेकिन वन विभाग ने उनकी भरपाई करने के लिए पुनः लगाए। इसी प्रकार यहां गर्मी से नष्ट हो रही पेड़ों की भरपाई पुनः पेड़ लगाकर की जाए।

छटीकरा के प्रधान प्रेम सिंह ने घोषणा की है कि यह पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो जाने पर वह यहां पांच सौ कदंब, तमाल के पौधे लगाने की घोषणा करते हैं। बाबा मदनबिहारी दास महाराज एवं एलायंस के सदस्यों ने वन भूमि का जायजा लेने के पश्चात विचार विमर्श किया। इसमें वन भूमि में व्यवस्था में सुधार लाने के लिए सुझाव तैयार किए हैं। इस अवसर पर रघुनन्दन अग्रवाल, प्रेम पंडित, दानबिहारी शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सुनरख वन भूमि

- एलायंस की टीम ने सुनरख वन भूमि में पेड़ों का लिया जायजा
- वन भूमि मे कर्मचारियों और संसाधनों का देखा अभाव



## वन विभाग का दिए सुझाव

- राजस्थान की तर्ज पर गर्मी से बचाने के लिए फव्वारे लगाए जाए-
- सुनरख वन भूमि में कर्मचारी की संख्या बढ़ाई जाए-
- मीठे पानी की समुचित व्यवस्था की जाए
- वन भूमि में सफाई व्यवस्था की दुरुस्त की जाए
- बारिश के पानी को जमा करने के लिए टेंक बनाए जाए
- वन क्षेत्र की सुरक्षा चौकस की जाए
- अधिक से अधिक घने वृक्ष लगाए जाए
- नष्ट हुए वृक्षों के स्थान पर पुनः वृक्ष लगाए जाए।

hindustantimes

htcity

Radcliffe takes on Twilight P 14

AGRA, MONDAY OCTOBER 25, 2010, www.hindustantimes.com



# BOLLYWOOD'S *KIS*

## Actor inaugurates 'Sandipani Muni School' for orphane



HT PHOTOS

Divya Gupta
saron@hindustantimes.com

Taking time out of his busy schedule in view of his new release, actor Vivek Oberoi was present at the inauguration of the 'Sandipani Muni School' run by an NGO on Saturday.

Set up by the Food For Life, Vrindavan (FFLV) organisation, Sandipani Muni School provides financial, educational and social assistance to poor and orphaned children. Vivek was welcomed at the school by various cultural programmes organised by the students. After the ribbon cutting ceremony and the ceremonial lighting of the lamp, a welcome song dedicated to Vivek was sung by the students. Performances of Rajasthani folk dance, Odissi dance, drama and marshal arts followed . 'Sandipani' students then introduced themselves by turn and told Vivek how they'd come to join FFLV. The interaction soon turned informal with the students sharing their inner feelings with Vivek and presenting him with gifts they'd made themselves.



Vivek also joined the kids on stage and shook a leg with them on the song 'Vo Krishna hai'.

He then extended an invitation to all the members of the school and the children to attend his marriage and promised them that he will come with his wife next time.

The event was hosted by Nidhi Soni. Also spotted were Rupa Raghunath Das, International Coordinator of FFLV, Surendra Singh, Chairman of International Rotary Club, David Cummim, Bheeku Patel, Brinda and Ramesh Patel.

# कल्पतरु एक्सप्रेस

अंक: 147 मथुरा, रविवार, 1 जनवरी 2012 पौष शुक्ल अष्टमी, विक्रम संवत् 2068 मूल्य : 2.00 रु. पृष्ठ: 16+4




वृंदावन में संस्था फूड फॉर लाइफ द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर निर्धन बच्चों को उपहार वितरित करते अतिथिगण।

## बच्चों को दिए नववर्ष के गिफ्ट

**असहायों की सहाय बनी फूड फॉर लाइफ संस्था**

वृन्दावन। नववर्ष का अभिनंदन यूं तो सभी लोग अपने-अपने तरीके से करते हैं, लेकिन निर्धन परिवारों के बच्चों के साथ इस खुशी को मनाने का अपना अलग ही आनंद है। संस्था फूड फार लाइफ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष की पूर्व संध्या पर शनिवार को लगभग 5 हजार निर्धन परिवार के बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान करते हुए उनके नवीन वर्ष में उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

बुर्जा मार्ग स्थित स्कूल में आयोजित नव वर्षाभिनन्दन कार्यक्रम में स्विटजरलैण्ड से आए रिचर्ड विशप ने अपने संबोधन में कहा कि यह मेरे जीवन का सर्वश्रेष्ठ नववर्ष उत्सव है। हम हमेशा अपनी खुशी खोजते हैं, लेकिन इन प्यारे बच्चों को उपहार देकर उनकी खुशी में शामिल होकर हृदय वास्तव में आनन्द से भर गया है। दूसरों को खुशी बांटकर जो आत्मसुख प्राप्त होता है, वह अतुलनीय है। संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय समन्वयक रुपा रघुनाथ दास ने बताया कि विगत 16 वर्षों से नववर्ष पर संस्था द्वारा इस प्रकार निर्धन परिवार के बच्चों के साथ उपहार बांटते हुए नववर्ष मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी नगर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 5 हजार बच्चों को उपहार वितरित कर नववर्ष का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कृष्णा देवी, ऐमी निकोल, राजेन्द्र सिंह, सीमन्त शर्मा, सुनील लवानियां, महाप्रबंधक नीरज सहगल, योगेश, दीपानन्द आदि उपस्थित थे। संचालन पार्थ सारथी ने किया।

### नववर्ष का धमाल

मथुरा। जीआईटी कम्प्यूटर सैंटर पर नववर्ष की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके समापन पर लोगों को उपहार वितरण किए गए। निदेशक हीरा बंसल ने बताया कि छात्रों ने कार्यक्रम में मनभावन प्रस्तुतियां दीं। गणेश पूजन, सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बच्चों ने पूरा आनंद लिया। कार्यक्रम में भावना बंसल, रेनू शर्मा, अनूप, नितिन, करिश्मा, कपिल, सचिन, वर्षा, पल्लवी आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

सच के साथ, हमेशा

कल्पतरु एक्सप्रेस

6 शुक्रवार, 13 जुलाई 2012

# विदेश में पढ़ाई देख छात्र-छात्रा लौटे

वृन्दावन। विदेशी दौरे से लौटकरआये सन्दीपनी मुनि स्कूल के बच्चों ने गुरुवार को स्कूल प्रांगण में अपने अनुभव बांटे।

उन्होंने बताया कि 10 दिवसीय विदेशी भ्रमण के दौरान उन्होंने लंदन आई, मैनचेस्टर, लैस्टर, स्टोक ऑन ट्रेंट, थैम्स नदी, बिग बैग, हाउस ऑफ पार्लियामेन्ट, भक्तिवेदान्त मेंनर आदि स्थानों का भ्रमण किया। यहां उन्होंने सरकार और जनता के बीच सामंजस्य का वातावरण पाया।

विद्यार्थी कु. पुष्पा शर्मा, प्रीतम मुखर्जी एवं शिक्षक कु. विष्णु प्रिया शर्मा एवं लक्ष्मीकान्त चौधरी ने बताया कि विदेशों में सरकारें साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देतीं हैं। बच्चों के शारीरिक विकास के लिये अध्ययन के साथ-साथ विद्यालयों में आउट डोर एवं इन्डोर गेम्स के लिये व्यापक स्थल हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा संचालित हिन्दू विद्यालय कृष्णा वन्ती प्राइमरी विद्यालय में स्कूल के अन्दर भव्य मंदिर है। जिसमें नित्य कई घंटे कीर्तन एवं प्रार्थना की जाती है। श्रद्धालुओं द्वारा अपने द्वारा ही उगाये गये फलों का भगवान को भोग लगाया जाता है। इसके अलावा बच्चों की सुरक्षा के विशेष प्रबन्ध सरकार द्वारा किये जाते हैं। भ्रमण दल ने बताया कि उनका विदेशी दौरा काफी अच्छा और स्मरण योग्य रहा।



विदेशी दौरे पर गए संदीपनि मुनि स्कूल के बच्चे।

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

www.livehindustan.com

गुरुवार, 2[illegible] जून 2012, आगरा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण    मथुरा संस्करण


## वृन्दावन के निर्धन छात्र इंग्लैंड में देंगे धर्म ज्ञान

**वृंदावन | हिन्दुस्तान संवाद**

चैतन्य विहार संदीपनी मुनी स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थियों का चार सदस्यीय दल इंग्लैंड और लंदन की दस दिवसीय शैक्षिक यात्रा के लिए प्रस्थान करेगा। ऐजुकेशन एंड कल्चर एक्सचेंज योजना के तहत इस दल के सदस्य भारतीय शिक्षा पद्धति और धर्म संस्कृति का विदेश में पाठ पढ़ाएंगे।

संदीपनी मुनी स्कूल के ग्यारवीं के छात्र प्रीतम मुखर्जी एवं बारहवीं कक्षा की छात्रा पुष्पा शर्मा के साथ अंग्रेजी भाषा की अध्यापक लक्ष्मीकांत चौधरी और विष्णु प्रिया शर्मा 29 जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे। यह चार सदस्यीय दल इंग्लैंड के स्टॉक आन ट्रेंट क्षेत्र के डिस्कवरी एकेडमी में विदेशी शिक्षा पद्धति और सांस्कृति की अच्छाईयों को समझने के साथ ही वहां के विद्यार्थी और शिक्षकों को भारतीय शिक्षा व्यवस्था और धर्म संस्कृति की जानकारी देंगे।

दो देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के आदान-प्रदान की योजना के तहत इनको विद्यालय द्वारा भेजा जा रहा है। यह दल दस जुलाई को स्वदेश लौटेगा। ज्ञात हो कि दो बार पहले इस विद्यालय से इस योजना के तहत शिक्षक एवं विद्यार्थियों का दल विदेशी शैक्षिक भ्रमण पर जा चुका है।

दल में शामिल लक्ष्मी कांत चौधरी एवं विष्णु प्रिया शर्मा ने बताया कि इंग्लैंड के साथ साथ वह लंदन का भी भ्रमण कर वहां की जीवन शैली और सांस्कृतिक व्यवस्था को जानने का प्रयास करेंगे।



चैतन्य विहार स्थित संदीपनी मुनी विद्यालय में एजुकेशन एक्सचेंज स्कीम के तहत विदेश यात्रा को रवाना होने वाले शिक्षक के साथ विद्यार्थी। • हिन्दुस्तान

7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण : उत्तर प्रदेश | उत्तराखंड | हिमाचल | जम्मू-कश्मीर | दिल्ली | हरियाणा | पंजाब | चंडीगढ़

अमर उजाला

आगरा
शनिवार, 19 नवंबर 2016

amarujala.com

# स्कूल के लिए जुटाया धन

अमर उजाला ब्यूरो

वृंदावन।

बुर्जा मार्ग चैतन्य विहार स्थित संदीपनी मुनि स्कूल में शुक्रवार को इंग्लैंड से आए विदेशी सैलानियों का स्वागत समारोह रखा गया। इसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों ने मुंबई से कन्याकुमारी तक की 1800 किलोमीटर की यात्रा थ्री व्हीलर द्वारा करने वाले 15 विदेशी सैलानियों का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। यात्रा संयोजक यूके निवासी रविन गनात्रा ने बताया कि वह और उनके दोस्त संदीपनी मुनि स्कूल में पढ़ने वाले निर्धन बच्चों के लिए कुछ करना चाहते थे। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने मुंबई से कन्याकुमारी तक की यात्रा कर सहयोग राशि एकत्रित की। उन्होंने बताया कि यात्रा का शुभारंभ स्कूल के ब्रांड एंबेसडर फिल्म अभिनेता विवेक ओबराय द्वारा 10 दिन पूर्व झंडी दिखाकर किया गया था। रविनोल चैंबर्स, प्रामल लेड, बातेजि आडियस, डेविड जैमिली, अचल मेहता, रूपा रघुनाथ, कौशल वहसानी, आरती क्षेत्रपाल आदि उपस्थित रहे।



मुंबई से कन्याकुमारी तक यात्रा करने वाला विदेशी सैलानियों का दल।

उत्तर प्रदेश संस्करण
पंजाब केसरी
युवा भारत युवा अखबार!
fb/punjabkesarinational punjabkesari.com twitter@punjabkesarinat
शनिवार, 19 नवम्बर 2016 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 4 मार्गशीर्ष 2073

# विदेश से आए भक्तों ने स्कूल के लिए जुटाया धन

**वृन्दावन,** (विष्णु शर्मा): बुर्जा मार्ग चैतन्य बिहार स्थित सांदीपनी मुनि स्कूल में शुक्रवार को इंग्लैड से आए विदेशी सैलानियों का स्वागत समारोह रखा गया। इसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों ने मुंबई से कन्याकुमारी तक की 1800 किलोमीटर की यात्रा थ्री व्हीलर द्वारा करने वाले 15 विदेशी सैलानियों का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंट का स्वागत किया। यात्रा संयोजक यूके निवासी रविन गनात्रा ने बताया कि वह और उनके दोस्त सांदीपनी मुनि स्कूल में पढ़ने वाले निर्धन बच्चों के लिए कुछ करना चाहिते थे। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए उन्होंने मुंबई से कन्याकुमारी तक की यात्रा कर सहयोग राशि एकत्रित की है। जो बच्चों की शिक्षा के लिए काम आएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा का शुभारंभ स्कूल के ब्रांड एम्बेसडर फिल्म अभिनेता विवेक ऑवेराय द्वारा दस दिन पूर्व झंडी दिखाकर किया गया था। इस अवसर पर रविनोल चैम्बर्स, प्रामल लेड, बातेजि ऑडियस, डेविड जैमिली, अचल मेहता, रूपा रघुनाथ, कौशल वहसानी, आरती क्षेत्रपाल आदि उपस्थित थे।

डीएलए
DLA
AGRA
wednesday
11 मई, 2016
₹ 2

# योग से निरोग रहने के दिए टिप्स



वृंदावन स्थित संदीपनि मुनि स्कूल में छात्राओं को योग सिखाते योगाचार्य राजकुमार सिंह। Photo-DLA

**DLA News**

**वृंदावन।** चैतन्य विहार स्थित संदीपनी मुनि जूनियर हाईस्कूल में अभा मानव सेवा संघ एवं पतंजलि योग पीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में स्टूडेंट्स को योग से निरोग रहने के टिप्स दिए गए।

योगाचार्य राजकुमार सिंह ने स्टूडेंट्स को आठ प्राणायाम, सूक्ष्म योग, उसकी विभिन्न मुद्राओं से कई बीमारियों को दूर करने के उपाय बताए। बताया कि यदि सही तरह से इन क्रियाओं को नियमित रूप से करें तो अस्थमा, कैंसर, टीबी, जोड़ों के दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, निम्न रक्तचाप आदि रोगों को आसानी से दूर किया जा सकता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह, सीमंत शर्मा, सुनील लवानियां एवं पार्थ सारथी आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण

वर्ष 2 अंक 260
पृष्ठ 22
मथुरा, शुक्रवार
4 मार्च 2016
नगर

# बालिकाओं ने जिमनास्टिक में दिखाई प्रतिभा

◆ सांदीपन मुनि स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

वृंदावन: बेटी बचाओ बेटी-पढ़ाओ अभियान के तहत सांदीपन मुनि स्कूल में गुरुवार को रंगारंग आयोजन हुआ।

चैतन्य विहार स्थित विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा आज के समय में बेहद जरूरी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पालिकाध्यक्ष मुकेश गौतम ने कहा कि फूड फॉर लाइफ एवं सांदीपन मुनि स्कूल हमेशा सामाजिक कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। वशिष्ट अतिथि समाज कल्याण अधिकारी डॉ. उमाशंकर शर्मा ने कहा कि समाज में महिलाओं के प्रति व्याप्त भेदभाव एवं कुरीति को खत्म करने के लिए शिक्षा एक महत्वपूर्ण साधन है। भागवत प्रवक्ता शैलकिशोरी, प्रधान मुकेश सारस्वत ने कहा कि विद्यालय में बालिकाओं को शिक्षित करने का प्रयास सराहनीय है। इससे पूर्व बालिकाओं ने शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, योग आसन, जूडो-कराटे, जिमनास्टिक आदि के करतब दिखाए। श्याम निषाद, विनीत वर्मा, दीपिका सिंह, राजीव सिंह, राजेंद्र सिंह, नीरज सहगल, सीमंत शर्मा, सुनील लवानिया, ऋतु सिंह, प्रताप नारायण, ज्ञानप्रकाश, पार्थसारथी आदि मौजूद रहे। संचालन प्रतिभा शर्मा एवं प्रीति ने किया।



सांदीपन मुनि स्कूल में आयोजित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तुति देतीं बालिकाएं।

दैनिक जागरण

17 Dec. 2016

# रूपारघुनाथ दास को मिला स्वयं अवार्ड



लखनऊ में रूपा रघुनाथ दास को स्वयं अवार्ड से सम्मानित करते मुख्यमंत्री अखिलेश यादव। फाइल फोटो

- समाजसेवा के लिए प्रदेश से चुने गए थे 12 लोगों में किया शामिल

**जागरण संवाददाता, वृंदावन:** प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ में आयोजित हुए स्वयं अवार्ड्स कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने फूड फॉर लाइफ संस्था के संस्थापक अध्यक्ष रूपा रघुनाथ दास को प्रदेश की 12 हस्तियों में शामिल कर स्वयं अवार्ड से सम्मानित किया है।

लखनऊ में सम्मानित होकर लौटे श्री दास ने कहा कि फूड फार लाइफ के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्य को प्रदेश सरकार ने प्रोत्साहित किया है। संस्था पिछले 25 साल से सामाजिक विकास, महिला सशक्तिकरण एवं बालिका शिक्षा के लिए अनवरत रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा तीन स्कूल चलाए जा रहे है। जिसमें 1500 बालिकाओं को निश्शुल्क शिक्षा के साथ भोजन, चिकित्सा सुविधा, स्कूल संबंधित वस्तुएं, गणवेश निश्शुल्क प्रदान किए जाते है। संस्था अन्य प्रकल्पों जैसे कौशल विकास, जैविक खेती फार्म, मेडिकल कैंप, निश्शुल्क भोजन वितरण, पेयजल परियोजलना आदि का संचालन कर रही है। समारोह में इस अवार्ड के लिए प्रदेशभर से 650 व्यक्तियों को नामित किया गया था। जिनमें से 12 लौगों को ही चयनित कर सम्मानित किया गया है।

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 4 फरवरी 2016, आगरा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण
मथुरा संस्करण www.livehindustan.com

# बच्चों संग मनाया नववर्ष उपहार उत्सव

**वृन्दावन | हिन्दुस्तान संवाद**

फूड फॉर लाइफ संस्था ने नगर क्षेत्र के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में नव वर्ष उपहार उत्सव धूमधाम से मनाया। जिसमें निर्धन परिवार के सैकड़ों बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य सामग्री एवं खाद्य सामग्री उपहार स्वरुप दी।

नगर पालिका चौराहा के निकट चार परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को उपहार वितरित करने के दौरान संस्थान के सचिव अवधेश अग्रवाल गया वाले काह कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष वृन्दावन एवं आसपास के गावों में संचालित सरकारी विद्यालयों में पढ रहे बच्चों को नव वर्ष उपहार उत्सव के अन्तर्गत बच्चों को स्कूल बैग, दैनिक उपयोग की उपयोग की वस्तु, मिठाई, खिलौने आदि प्रदान कर उनको शिक्षा के प्रति जागरुक बनाने का एक प्रयास है। संस्था विशेष रुप से निर्धन परिवारों के बच्चों की शिक्षा के प्रति गंभीर है। शिक्षा ही वास्तविक कुंजी है। जो निर्धन, अभावग्रस्त, मुख्यधारा से कटे हुए परिवारों को फिर से मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य करता है।



पुराना बजाजा प्राथमिक विद्यालय में नन्हें बच्चों को नववर्ष का उपहार वितरित करते संस्था के सचिव अवधेश अग्रवाल साथ में गंगोत्री ग्रुप की डायरेक्टर कमला अग्रवाल।

कार्यक्रम में गंगोत्री ग्रुप के डायरेक्टर कमला अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर, उपहार प्राप्त करने पर बच्चों के निश्छल चेहरों पर खुशी की जो चमक दिखाई देती है। वह अत्यंत मार्मिक एवं हृदयस्पर्शी है। इसकी तुलना किसी भी अन्य से नहीं की जा सकती है। समाज में व्याप्त बुराईयां, कुरीतियां एवं भेदभाव को खत्म करने का सबसे सार्थक हथियार शिक्षा है। इस भागीरथी प्रयास में अपनी सहभागिता प्रदान कर आने वाली पीढी को बेहतर शिक्षा प्रदान करने की पूर्ण प्रयास अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष नीरज सहगल, योगेश शर्मा, चैतन्य निताई, पोल मुसु, अमित दास, सिद्धार्थ, दीपक आदि उपस्थित थे।

# उपहार उत्सव में बच्चों को बांटे बैग




मंगलवार को संदीपनि मुनि स्कूल में नव वर्ष उपहार उत्सव पर बच्चों को उपहार वितरित करते विदेशी भक्त। •हिन्दुस्तान

## सांदीपनि मुनि स्कूल

**वृन्दावन | हिन्दुस्तान संवाद**

चैतन्य विहार स्थित सांदीपनि मुनि स्कूल में नव वर्ष उपहार उत्सव मनाया गया। स्कूल में अध्ययनरत 1300 बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए।

समारोह के मुख्यअतिथि रविन गनात्रा ने कहा कि मैं फूड फॉल लाइफ संस्था एवं संदीपनि मुनि स्कूल का आभारी हूं कि इस परम सेवा कार्य में सहभागी बनने का अवसर प्रदान किया है। स्कूल निर्धन परिवार के बच्चों को शिक्षा और सारी सुविधाएं प्रदान कर उनको शिक्षित कर मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास कर रही है। संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय समन्वयक रुपा रघुनाथ ने बताया कि संस्थान प्रत्येक वर्ष उपहार उत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष संदीपनि स्कूल में 1300 बच्चों को बैग बितरिए किए गए। साथ ही नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक विद्यालयों में करीब छह हजार स्कूल बैग उपहार के रुप में वितरित किए जाएंगे। स्कूल बैग के साथ कॉपी, पेंसिल, चॉकलेट, मूंगफली, वेसलीन, टूथपेस्ट, साबुन एवं एक खिलौना भी है। इस अवसर पर आयरलेंण्ड ऐडीविकर, यूएसए गोपीनकिनीकट, चैतन्य निताई दास, पॉल मुसु, नीरज संहगल, सीमंत शर्मा, सुनील लवानिया, आदि उपस्थित थे।

## प्रांत सहप्रमुख बनने पर शशांक का किया स्वागत

वृन्दावन। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 56वां प्रांतीय अधिवेशन अलीगढ में संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा हुई। योगेन्द्र वर्मा को प्रदेश मंत्री एवं शशांक शर्मा को प्रांत सह प्रमुख का दायित्व सौंपा है।अलीगढ से नगर आगमन पर आईओपी कालेज के गेट पर शशांक शर्मा का विद्यार्थियों ने पुष्पमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर गोविंद बघेल, अविलाश शर्मा, गोपाल गौतम, चेतन शर्मा, गिरीश पाराशर, रिक्की पांडेय, सुधाकर, कृष्णा, अंजीत शर्मा, शशांक गौतम, त्रिलोकी गौतम, उमाशंकर, गोपाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 1 अंक 154
पृष्ठ 20
मथुरा, शनिवार
15 नवंबर 2014




बालकों ने गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्णा अरोड़ा मौजूद रहे। गौधूलिपुरम स्थित भारतीय ज्योतिष संस्थान में बाल दिवस के मौके पर छात्रों ने जवाहर लाल नेहरू के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। चैतन्य बिहार स्थित सांदीपनि मुनि स्कूल में फूड फॉर लाइफ, उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं गोल्डन फाल्कन फाउंडेशन एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बालदिवस के रूप में मनाया।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण
आगरा, मंगलवार
4 जनवरी, 2011
पौष कृष्ण 15 सं. 2067



नववर्ष के अवसर पर सांदीपनि मुनि स्कूल में छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित करते पदाधिकारी।

# सांदीपनि मुनि स्कूल में बांटे बच्चों को उपहार

**वृन्दावन समाचार:** नव वर्ष सदैव से ही व्यक्ति में उत्साह का संचार करता है। नये वर्ष में नन्हे-मुन्ने बच्चों को उपहार प्रदान कर संदीपनी मुनि स्कूल ने बच्चों में उत्साह का संचार किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेन्ट एम्ब्रोस यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर कार्ल हरजिंग ने कहा कि उन्होंने इस तरह से बच्चों को उपहार वितरित करके नया साल प्रथम बार मनाया है, जो काफी उत्साहित करने वाला है। उन्होंने कहा कि सन्दीपनी मुनि स्कूल द्वारा गरीब एवं असहाय बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का जो प्रकल्प चलाया जा रहा है, वह निश्चित ही सराहना के काबिल है संस्था के अन्तरराष्ट्रीय समन्वयक रूपा रघुनाथ दास ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 4800 बच्चों को उपहार वितरित किये गये हैं। इन बच्चों में लगभग 1500 बच्चे संदीपनी मुनि स्कूल के व अन्य बच्चे आस-पास के सरकारी स्कूलों के हैं।

इससे पूर्व संस्था के पदाधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा बच्चों को स्कूल बैग, पैन्सिल बॉक्स, चाकलेट एवं अन्य उपहार वितरित कर नववर्ष का इस्तकबाल किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह, आइडिन हरजिंग, केटलिन ब्रो, किस्ट्राथेनेलस, लिया स्क्रेबोनी, स्टेला ओरगोक, ग्रेसाइल्ड, ओंबरे, नीरज सहगल, वृन्दा दासी, पार्थ सारथी आदि उपस्थित थे।

03 कल्पतरु एक्सप्रेस
मथुरा, शनिवार, 28 मार्च 2015

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पर्यावरण जन जागरूकता कार्यक्रम में कराई प्रतियोगिता

# बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश





संदीपनि मुनि स्कूल पर जनजागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि आरके सिंह व अन्य। साथ ही पर्यावरण जागरूकता संगोष्ठी में भाग लेते बच्चे।

कल्पतरु समाचार सेवा

वृंदावन। फूड फॉर लाइफ एवं उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में चैतन्य बिहार स्थित संदीपनी मुनि स्कूल में जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें वर्षा जल संचय, वृक्षारोपण व रखरखाव, यमुना प्रदूषण मुक्ति, पॉलीथिन प्रयोग प्रतिबंध एवं जैव विविधता का संरक्षण आदि विषयों पर स्कूल की 11 छात्राओं के साथ वाद-विवाद व चित्रकला प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि पर्यावरण एक बड़ा व्यापक शब्द है, जिसमें भूमि, जल, वायु, आकाश, वृक्ष एवं जीव-जंतु सभी एक-दूसरे से किसी न किसी प्रकार जुड़े हुए हैं। सभी का संरक्षण आवश्यक है।

वर्तमान में प्राकृतिक संसाधनों का संतुलन बिगड़ने से मानवीय क्रियाकलापों की अधिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से स्वस्थ्य पर्यावरण के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

**संदीपनि मुनि स्कूल के छात्रों के बीच हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता**

विशिष्ट अतिथि सहायक वैज्ञानिक अधिकारी डा. अरविंद ने कहा कि उनका विभाग एवं यह संस्था जनजागरूकता कार्यक्रम के जरिए यह संदेश देना चाहते हैं कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए हम सभी को प्रयास करने होंगे तथा अपने बच्चों को भी इसके प्रति प्रेरित करना होगा। इस अवसर पर संस्था द्वारा इस जनजागरुकता कार्यक्रम को सरल प्रभावी एवं सशक्तीकरण करने के उद्देश्य से ब्रज वुड डाक्यूमेंट्री फिल्मस द्वारा आम जनमानस तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में संस्था उपाध्यक्ष नीरज सहगल, राजेंद्र सिंह, सीमंत शर्मा, ओमप्रकाश चौधरी, डालचंद, यतन सिंह, आनंद चौहान, अनिल पंकज अग्रवाल, सिद्धार्थ आदि उपस्थित थे। संचालन पार्थ सारथी एव पूनम पच्चीसिया ने किया।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

...ुए स्वराज पॉल 15 आर्मस्ट्रांग ने बढ़ाया युवी का हौसला

...त्तर प्रदेश • नई दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

वर्ष 26 अंक 159
पृष्ठ 18
आगरा, शनिवार
7 अप्रैल, 2012
बैशाख कृष्ण 1 सं. 2069
मथुरा संस्करण
मूल्य ₹ 3.50

भारत के पक्ष में खड़े ...

www.jagran.com

...ागरण

www.jagran.com

## भारतीय सामूहिक परिवार संस्कृति प्रशंसनीय

**वृंदावन, कार्यालय संवाददाता:** धर्मा फाउंडेशन स्पेन के निदेशक लुईस एन्टोनियो पुलिडो कुबेरो ने कहा कि भारत की आस्था, सेवा भावना और सामूहिक परिवार संस्कृति प्रशंसनीय है। वह इससे बहुत प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि इसके विपरीत स्पेन में 18 साल के होते ही युवक परिवार छोड़कर अपनी दुनिया अलग बसा लेते हैं। कुबेरो पत्रकारों से बात कर रहे थे।

भारत भ्रमण पर आये 18 सदस्यीय दल के नेता कुबेरो ने कहा कि भारतीयों की खुशमिजाज, मिलनसार, त्योहार पसंद, पुरानी संस्कृति, रंग-बिरंगी सभ्यता ने हमें बहुत प्रभावित किया है। संदीपनि मुनि स्कूल में इस दल के सदस्यों ने बच्चों के साथ खेल, पढ़ाई, खान-पान और बातचीत का भी लुत्फ उठाया। कुबेरो ने कहा कि स्कूल में पढ़ और रहने वाले बच्चों के लिये वह हर संभव और निरंतर मदद करेंगे। दल ने वृंदावन संग बरसाना, गोवर्धन, राधाकृण्ड, आगरा में मंदिरों में दर्शन किये और पर्यटन का आनंद लिया।

प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह का कहना है कि धर्मा फाउंडेशन, फूड फार लाइफ के साथ कई साल से मिलकर सेवा कार्य कर रही है।



**सांदीपनि मुनि स्कूल में बच्चों के मध्य स्पेन से आया दल।**

विदेशी दल में माइते लुईस, न मोलिन, इलिजाबेत काटल, रोब्रगुईज, मारिया डी लोरेटो, पालमिरा सेरमेन, अना पोरटूओनदो, सारिता फेरारईटो, रोजा मारिया कोलोंदो, अना पुईगमर्ती, लाउरा गार्सिया, मारिया एंगेल्स, पाटरीसिया सर्जन, जून मिगऊईल, लुईस एन्टोनियो, तनवार प्रदीप सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर स्कूल संचालक, शिक्षिक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने विदेशी दल का स्वागत किया।

रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
www.livehindustan.com
रविवार, 30 नवंबर 2014, आगरा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण

# विद्यालय ने बाल विवाह के विरुद्ध चलाई मुहिम



सांदीपनि मुनि स्कूल में बाल विवाह के विरुद्ध छेड़ी मुहिम की जानकारी देती बाल कल्याण समिति की सदस्य मजिस्ट्रेट प्रतिभा शर्मा एवं अन्य। • हिन्दुस्तान

**वृन्दावन| हिन्दुस्तान संवाद**

नगर के एक विद्यालय ने बाल विवाह के विरुद्ध मुहिम चलाई है। इसमें सभी अभिभावकों को चेताया है। हाल में नाबालिग बालिका के विवाह होने से बाल कल्याण समिति और पुलिस प्रशासन के सहयोग से रोका है। चैतन्य विहार स्थित सांदीपनि मुनि स्कूल की बालिका का बाल विवाह करने का मामला फिर प्रकाश में आया। स्कूल प्रबंधक को भनक लगते ही सामाजिक संगठन एंव पुलिस प्रशासन के सहयोग से इस प्रथा पर अंकुश लगाने का प्रयास किया।

बाल कल्याण समिति की सदस्य मजिस्ट्रेट प्रतिभा शर्मा ने कहा कि बालिका का विवाह संवैधानिक आयु से पूर्व हो रहा था। जिसे स्थगित कराया जाना अति आवश्यक था। बालिका का शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास पूर्णतः अवरुद्ध हो जाता। हम सभी नैतिक दायित्व है कि इस तरह का मामला प्रकाश में आने पर विधिक दायरे में रहकर अपने कर्त्तव्यों का पालन करना चाहिए। भविष्य में इस घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए बाल कल्याण अधिकारी ने सुझाव दिया है कि प्रत्येक माह बालिकाओं के अभिभावकों के साथ वार्ता की जाएगी और उन्हें कम उम्र में विवाह की हानियों से अवगत कराया जाएगा। स्कूल की वरिष्ठ कार्यकर्ता निकुंजवासिनी देवी ने बताया कि सांदीपनि मुनि स्कूल निर्धन परिवारों के बच्चों के लिए पूर्णतया निशुल्कहै। इस दौरान संस्था की चिल्ड्रेन स्पोन्सरशिप कार्यक्रम की पदाधिकारी ने बाल विवाह की कुरीतियों के खिलाफ दृढता के साथ आवाज उठाने की बात कही।

## सेवाश्रम में आज कैंसर रोग विशेषज्ञ देंगे निशुल्क सेवा

**वृन्दावन।** मथुरा मार्ग स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में बाह्य रोगी विभाग में आज कैंसर रोग विशेष डॉ. आरएन मित्तल रोगियों को निशुल्क सेवा प्रदान करेंगे। यह जानकारी सेवाश्रम के सचिव स्वामी सुप्रकाशानन्द महाराज ने दी।

आगरा | बुधवार | 6 जून 2012

अमर उजाला

# पर्यावरण दिवस पर चला सफाई अभियान

**वृंदावन (ब्यूरो)।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में फूड फॉर लाइफ एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में वृंदा कुंज एवं इस्कॉन वैष्णवी संघ की महिला भक्तों ने भी सहयोग दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोर्ड के सहायक वैज्ञानिक अधिकारी डा. अरविंद ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण एक ज्वलंत एवं चिंतनीय मुद्दा है। आज मानवीय क्रियोकलापों से पर्यावरण को क्षति पहुंच रही है।

फूड फॉर लाइफ की कार्यकर्ता राधिका दासी ने कहा कि हमारी संस्था वराहदेव परियोजना के अंतर्गत वृंदावन के हिस्सों में विगत कई वर्षों से सफाई कार्य में योगदान दे रही है। इस्कॉन वैष्णवी संघ की वरिष्ठ सदस्य पार्षदा दासी ने कहा कि हम हमेशा ही दूसरों को दोष देकर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। हम सबको पर्यावरण सुरक्षा के प्रति अपना उत्तरदायित्व निभाना होगा। इस्कॉन वैष्णवी संघ की महिला भक्तों ने निर्णय किया है कि हर रविवार को किसी मंदिर, देवालय, परिक्रमा मार्ग में सफाई में योगदान दें। इस अवसर पर विशाखा दासी, कात्यायनी दासी, प्रभाभक्ति दासी, कृष्ण कन्हैया, विष्णु दास, पार्थ सारथी आदि उपस्थित थे।

www.facebook.com/hindustantimes www.twitter.com/htTweets DOWNLOAD OUR iPAD APP www.hindustantimes.com/iPad OUR EDITION ON KINDLE http://read.ht/JS4
hindustantimes.com
hindustantimes
New Delhi / UP Vol. LXXXVIII No. 215 Price ₹ 4.00 20 pages including 4 pages of HT City extra in Agra/Bareilly. (Areas specific add-on supplement pages are extra).
SATURDAY, SEPTEMBER 08, 20

LITERACY DAY TODAY

# *The gift of hope for underprivileged children*

**Divya Gupta**
saron@hindustantimes.com

**AGRA:** For nearly a decade now, non-government organisation Food For Life Vrindavan has been roping in sponsors to give the 'Gift of Hope' to underprivileged children in the city. Till now, lives of 1,020 children have been transformed through care and education.

Child labourers, orphans and children from poor families are being sponsored by foreigners, NRIs and Indian patrons. The programme addresses four needs of the children: education, a nutritious diet, medical care, and school uniforms, including warm clothes for winter. Patrons can sponsor a child from nursery to Class 12 and education remains the first priority.



Reshma Thakker with Jyotsana and other children. HT

"This project is very important for us as we want to spread literacy amongst the deprived. To make people aware about the project 'Gift of Hope' we advertise on our websites and communicate with our volunteers so anybody who wishes to contribute for the betterment of the children live's comes forward," says head of sponsorship department in the area, Khusboo. 'Gift of Hope' allows sponsors to improve the children's future by giving a monthly donation of ₹1,800.

But it is not just money children receive from their sponsors. The bond pulls many patrons to Vrindavan to spend some time with their 'adopted' children. Germany national Dr Jacob has sponsored 19 children who are studying in Classes 2 to 9. "Here every sponsor loves their child. We want more and more contributors to join us and better the future of these children," says Khusboo.

USA national Reshma Thakker who is on a visit to Vrindavan says, "I always wanted to do something for those who are underprivileged. I am grateful that FFLV gave me this opportunity. I started sponsoring my daughter Jyotsana two years ago and she is now studying in Class 1."

रियाणा । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर
आगरा । शुक्रवार । 21 दिसंबर 2012
अमर उजाला

# आजादी के रंग में रंगे विद्यार्थी



राष्ट्रपति भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के बाद वृंदावन पहुंचे संदीपनि मुनि स्कूल के विद्यार्थी।

अमर उजाला ब्यूरो

**वृंदावन।** चैतन्य बिहार स्थित संदीपनि मुनि स्कूल के विद्यार्थियों के दल द्वारा नई दिल्ली के लोटस टैंपल के वर्ल्ड फ्लूट फेस्टीवल में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गईं।

इसी क्रम में स्कूली बच्चों ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। संदीपनि मुनि स्कूल की अध्यापिका काकुली ने कहा कि मशहूर संगीतकार एआर रहमान के संगीत ग्रुप द्वारा दो दिन की रिहर्सल कराई गई। स्कूल के बच्चों द्वारा एआर रहमान द्वारा रचित मां तुझे सलाम... गीत पर नृत्य प्रस्तुति दी।

राष्ट्रपति भवन में बच्चों की प्रस्तुति के दौरान महामहिम एवं अन्य गणमान्य काफी आनंदित थे। सांस्कृतिक दल में शामिल संदीपनि मुनी की छात्रों ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि यह उनके जीवन में गर्व का दिन था।

एक अन्य छात्रा मनीषा ने कहा कि राष्ट्रपति भवन में पहुंचकर ऐसा लगा कि जैसे हमारा सपनों में तैर रहा है। सांस्कृतिक दल में ममता, ज्योति, राधा, अनुराधा, मानसी, पूनम, निधि, सोनम, पुष्पा, नंदिनी, पिंकी ललिता स्वतविक अधिकारी आदि उपस्थित थे।

कर्मठ पत्रकार स्व. गोपाल प्रसाद अग्रवाल के आदर्शों को समर्पित

अकिंचन भारत

आगरा, शनिवार 26 मई 2012

ज्येष्ठ शुक्ल

# सांदीपनि पर हस्त कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

वृन्दावन। चैतन्य विहार स्थित फूड फॉर लाइफ संस्था द्वारा संचालित सांदीपनि मुनि स्कूल में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक द्वारा प्रायोजित कौशल विकास उन्नयन कार्यक्रम के अंतर्गत हस्त कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड ने अपने उद्बोधन में कहा कि नाबार्ड संस्था कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में वृन्दावन एवं आसपास से 25 महिलाओं का चयन किया गया है, जिन्हें त्रैमासिक गहन कढ़ाई प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को कौशल विकास के द्वारा स्वाम्बलम्बी बनाना है, जिससे वे अपने परिवार की आजिविका में अपना योगदान दे सकें। संस्था सचिव सुश्री वृन्दा देवी दासी ने कहा कि नाबार्ड के माध्यम से हमारी संस्था को यह कार्यक्रम आयोजित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। स्वावलम्बी जीवन के लिये आज के परिदृश्य में कौशल एवं उसका विकास नितांत आवश्यक है एवं यह समाज की आवश्यकता भी है। कला हृदय के भावों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है, यदि हम अच्छे हृदय से कोई रचनात्मक कार्य करते हैं तो वह हमारी कलात्मक अभिव्यक्ति में अवश्य परिलक्षित होगी। कार्यक्रम संयोजिका तत्वदर्शिनी देवी दासी ने कहा कि महिलाओं को वृन्दावन में प्रचलित विभिन्न प्रकार के हस्त कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे वो बाजार की मांग के अनुसार ठाकुर जी की पोशाकें एवं विभिन्न प्रकार की फैशनेबल वस्त्रों में स्तेमाल कर डिजायन बना सकें। इस कार्यक्रम में महाप्रबन्धक नीरज सहगल, योगेश, अमित, श्रीमती मधु, श्रीमती राधा, प्रशिक्षु महिलाओं एवं गणमान्यों ने भाग लिया। संचालन पार्थसारथी ने किया।


वृन्दावन में सांदीपनि मुनि पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित करते हुये नाबार्ड अधिकारी

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 24 दिसम्बर 2012, आगरा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण
www.livehindustan.com

प्रधानाचार्य परिषद् के 37वें प्रांतीय सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी

# शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन जरूरी

**सम्मेलन**

- सभी प्रधानाचार्य अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन करें
- प्रधानाचार्य अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन करें

वृन्दावन| **हिन्दुस्तान संवाद**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के अध्यक्ष डा. धनंजय गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास के लिए शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन आवश्यक है। उसमें इस परिषद् का अहम योगदान होना चाहिए। प्रधानाचार्य अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन करें। यह विचार उन्होंने चैतन्य विहार स्थित संदीपनी मुनि इण्टर कॉलेज में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद् के 37वें प्रांतीय सम्मेलन, शैक्षिक संगोष्ठी में व्यक्त किए।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक कमलेश कुमार यादव ने कहा कि परिषद् के सभी प्रधानाचार्य समन्वय के साथ कार्य करें। परिषद् के संरक्षकएवं एमएलसी डा. यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानाचार्यों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी हैं।

इस बीच राष्ट्रपति एवं राज्यपाल द्वारा सम्मानित प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। इनमें डा. विनोद बनर्जी, डा. अजय शर्मा, मेजर बिजेन्द्र सिंह, शिशुपाल सिंह, डा. वेदानंद त्रिपाठी, डा. अंगद सिंह, डा. वीरेन्द्र देव चतुर्वेदी, गोरखला श्रीवास्तव, डा. गीता मिश्रा सहित अन्य कई शिक्षकसम्मानित किये गये। सम्मेलन में विचारों के मध्य संदीपनी मुनि स्कूल सहित कई विद्यालयों छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जीएलए विश्वविद्यालय के सचिव डा. नीरज अग्रवाल, डा. ज्ञानप्रकाश, पालिकाध्यक्ष मुकेश गौतम, डा. देशराज सिंह आदि उपस्थित थे। संचालन डा. देवप्रकाश शर्मा ने किया।



उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद् के प्रांतीय सम्मेलन में मंचासीन डीआईओएस एवं पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

## लकवा से ग्रसित है माध्यमिक शिक्षा : डॉ.यज्ञदत्त

वृन्दावन। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक एवं एमएलसी डॉ. यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अभी तक माध्यमिक शिक्षा की ओर रुख नहीं किया है। सरकार की उदासीनता के चलते वर्तमान में ग्यारह सदस्यीय उप्र माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड इलाहाबाद में मात्र चेयरमैन सहित तीन सदस्य हैं जबकि आठ सदस्यों के पद रिक्त है। डॉ. शर्मा ने यह बात सांदीपनि मुनि इंटर कालेज में आयोजित उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के 37 वें प्रांतीय सम्मेलन में पत्रकार वार्ता के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा को लकवा रोग से ग्रसित बताते हुए कहा कि यदि प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा में गुणवत्ता एवं बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए शिक्षा राज्य मंत्री होना आवश्यक है। कालेज प्रबंधन अपने कालेज में आयोग से शिक्षकों भर्ती के लिए अधियाचन प्रक्रिया को नहीं अपनाते। सरकार द्वारा समायोजन अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता है।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

आगरा, मंगलवार
30 अक्टूबर, 2012
कार्तिक कृष्ण 1 सं. 2069



सांदीपनि मुनि स्कूल के वार्षिकोत्सव पर करतब दिखातीं बालिकाएं। जागरण

## सांदीपनि मुनि स्कूल का मना वार्षिकोत्सव

वृन्दावनः फूड फॉर लाइफ द्वारा संचालित सांदीपनि मुनि स्कूल का वार्षिकोत्सव सोमवार को विभिन्न सांस्कृतिक के साथ मनाया गया।

इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी उमाशंकर ने कहा कि निर्धन एवं असहाय माहौल से आये बच्चे जिनके पास पूर्व में कोई अवसर नहीं था। उन्होंने अवसर पाकर जिस तरह से प्रदर्शन किया, निश्चित तौर पर सराहनीय है।

इस दौरान स्कूली बालिकाओं ने शारीरिक व्यायाम, महारास लीला एवं श्रीराम लीला का मंचन किया। अद्वैत महाराज ने भी आशीर्वचन दिया।

शुभारम्भ इंग्लैण्ड निवासी मुल्जी परिवार के पुष्पा मुल्जी, माध्वी मुल्जी, तेज्वी मुल्जी द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

इस दौरान संस्था समन्वयक रूपा रघुनाथ दास, वृन्दा दासी, नीरज सहगल, सीमंत शर्मा, सुनील लवानिया, डॉ. आशीष परमार, राधेश्याम चौधरी, देवेन्द्र चैतन्य आदि उपस्थित थे।

संचालन पूनम पचीसिया, रितू गौतम तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह ने किया।

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

मंगलवार, 15 जुलाई 2014, आगरा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण

मथुरा संस्करण www.livehindustan.com


## बाल विवाह करने पर दो वर्ष की सजा, जुर्माना भी



चैतन्य विहार स्थित सांदीपनि मुनि स्कूल में बालिकाएं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करती हुई। ● हिन्दुस्तान

### आयोजन

- सांदीपनि मुनि स्कूल में बच्चों और अभिभावकों को किया गया जागरुक
- अभिभावकों से लिया जाएगा शपथ पत्र

**वृन्दावन| हिन्दुस्तान संवाद**

चैतन्य विहार स्थित सांदीपनि मुनि स्कूल में बाल विवाह के विरोध में जनजागरुक अभियान चलाया गया। इसमें जहां बच्चों के साथ अभिभावकों को बाल विवाह कुरीति के बारे में जानकारी दी गई वहीं बच्चो ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

फूड फॉर लाइफ द्वारा संचालित स्कूल के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ओमवीर सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान में काफी अन्वेषण के बाद विवाह की न्यूनतम उम्र लड़की की 18 वर्ष एवं लड़के की 21 वर्ष निर्धारित है। कम उम्र में विवाह करने वाले माता पिता एवं सहयोग करने वाले व्यक्तियों को दो वर्ष की सजा एवं दो लाख का जुर्माना है। कानून तभी कारगर सिद्ध हो सकता है जब कानून से मदद मांगी जाए। या फिर संबंधित विभाग को सूचित किया जाए। इसके लिए समाज को जागरुक होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अभिभावको स्वयं ही बाल विवाह नही करना चाहिए। फिर भी कानून का उल्लंघन होता है तो बच्ची स्वयं एवं समाज का कोई व्यक्ति सौ नंबर या महिला हैल्प लाइन 1090, चाइल्ड हैल्प लाइन 1098 पर फोन करके सूचना दे सकता है। सूचना पर प्रशासन द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाएगी। बार एसोसिएशन मथुरा के सचिव प्रदीप शर्मा ने कहा कि बाज विवाह रोकने और इसकी सूचना मिलने पर समिति स्थल पर पहुंच कर संबंधित विभागों को सूचित करके आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

एसोसिएशन की ओर उन्होंने आश्वासन दिया कि वह सांदीपनि मुनि स्कूल के बच्चों के लिए हर संभव मदद करेंगे। ताकि उनकी शिक्षा पूरी हो सके। डॉ. दीपशिखा इंजीनियर ने कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनी रुप से गलत है बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी विशेषकर बालिका के लिए दूरगामी नकारात्मक प्रभाव डालता है।



सांदीपनि मुनि स्कूल में बाल विवाह के विरोध में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाएं एवं अतिथिगण। ● हिन्दुस्तान

विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह ने कहा कि स्कूल बाल विवाह के कारण अनेकों बालिकाएं बीच में ही स्कूल छोड़ चुकी हैं। अब स्कूल ने निर्णय लिया कि वह बालिका के अभिभावकों से शपथ पत्र लेंगे। इस अवसर पर संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय समन्वयक रुपा रघुनाथ दास, उपाध्यक्ष नीरज सहगल, सीमंत शर्मा, सुनील लवानिया, योगेश, अमित, सिद्धार्थ मलिक, अशोक कुमार, पार्थ सारथी आदि उपस्थित थे। संचालन प्रीति शर्मा एवं पूनम पच्चीसिया ने किया, धन्यवाद ज्ञापन प्रतिभा शर्मा ने किया।

THE SEA EXPRESS
मथुरा City
आगरा • मंगलवार, 30 अक्टूबर 2012 6

कार्यक्रम

संदीपनी मुनि स्कूल के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# बच्चों का नृत्य देख दर्शक हुए अभिभूत

द सी एक्सप्रेस न्यूज

वृंदावन। गरीब, असहाय एवं मजदूर वर्ग के बच्चों को शिक्षित और उन्हें समाज में बराबरी का हिस्सा दिलाने के लिए कार्य कर रही संस्था फ्रूड फार लाइफ द्वारा बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता का बोध भी कराया जा रहा है। उत्सवों पर बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम इसका उदाहरण हैं। शरद पूर्णिमा पर्व पर सोमवार को संस्था द्वारा संचालित स्कूल संदीपनी मुनि में शरद पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय में उपस्थित हुए देशी-विदेशी मेहमानों को बच्चों की प्रस्तुतियों ने रोमांचित कर दिया। ओड़िसी नृत्य हो या फिर गरबा, डांडिया या अन्य कोई नृत्य, बच्चों ने अपनी नृत्य कला से दर्शकों को अभिभूत कर दिया। एक के बाद एक कई कार्यक्रमों ने उत्सव को चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इग्लैण्ड से पधारे पुष्पा मुल्जी ने बच्चों के कार्यक्रमों को


संदीपनी मुनि स्कूल में आयोजित शरद महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यालय के बच्चे। फोटोः द सी एक्सप्रेस

सराहते हुए कहा कि नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी नृत्य शैली के माध्यम से भारतीय नृत्य और संस्कृति का परिचय दिया है। विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण अधिकारी डॉ. उमाशंकर शर्मा ने कहा कि निर्धन एवं असहाय माहौल से आए बच्चों में शिक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक कला का विकास सराहनीय है। बच्चों के कार्यक्रम के लिये संस्था की सराहना की जानी चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में तेज्वी मुल्जी, परम अद्वैत महाराज, प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह, संस्था के अन्तर्राष्ट्रीय समन्वयक रूपा रघुनाथ दास, देवेन्द्र चैतन्य ब्रह्मचारी, वृन्दा दासी, नीरज सहगल, सीमन्त शर्मा, सुनील लवानियां, डा. आशीष परमार, राधेश्याम चौधरी, आदि उपस्थित थे। संचालन पूनम पच्चीसिया, रितु गौतम ने किया।

hindustantimes

www.facebook.com/htcity

htcity



Mallika wasn't needed in Tezz P4

AGRA, Sunday April 15, 2012, www.hindustantimes.com

# HIGH O

## FOREIGNERS IN THE TWIN CIT
## ARE KEEN ON LEARNING THE

**Divya Gupta**
saron@hindsuantimes.com




Most foreigners find learning Hindi quite a task. However, those visiting the twin religious cities of Mathura and Vrindavan seems to be in no mood to give up.

HT City came across a number of them inclined to learn and spread the richness of this language in their respective countries.

Interestingly, a lot of foreigners feel that learning the ethnic language draws them close to Krishna. Some of them, who have been living here for a while, are taking tuitions to master Hindi.

Ineke Zondag from Netherlands now is learning Hindi in Vrindavan through a local teacher. "I'm settled in Dubai and am fascinated by India. I am exited to learn this beautiful ancient language and looking forward to communicate better with Indians specially children. I have been trying to converse with orphanage children supported by an NGO Food For Life in Vrindavan. I believe with Hindi, my job would be easier," says she.

Richard, a Swiss national, came to India for a period of six months and have always



: Katrina Kaif
7
n: July 16, 1984
of birth: Hong Kong
ms: Namastey London,
me, Race, Rajneeti and Zindagi
egi Dobara





# Chil
# revis

We have always s

अमर उजाला
आगरा। मंगलवार। 9 सितंबर 2014

# पिता पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**वृंदावन (ब्यूरो)।** ज्ञानगुदड़ी निवासी व्यक्ति पर उसकी सौतेली नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के प्रयास का आरोप है। मामले में लड़की की मां ने तहरीर दी है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर जांच कर रही है।

पीड़ित महिला ने बताया है कि कुछ साल पहले उसके पति का निधन हो गया था। वह अपनों बच्चों के साथ अकेली रह रही थी। पानी सप्लाई करने के लिए आने वाले एक व्यक्ति ने कुछ साल पहले महिला से कहा कि उसकी पत्नी मर चुकी है और वह अकेला रहता है, भोजन के लिए परेशान रहता है। इसके बाद दोनों ने शादी कर ली। महिला ने बताया है कि कुछ समय बाद पता लगा कि आरोपी की पत्नी और बच्चे वृंदावन में ही रहते हैं। आरोप है कि व्यक्ति ने महिला की अनुपस्थिति में उसकी पुत्री (13) के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। बालिका ने विरोध किया तो भाई बहिन को जान से मारने की धमकी दी। बालिका ने अपनी मां को घटना से अवगत कराया। इसके बाद महिला ने आपत्ति जताई तो आरोपी ने महिला के साथ भी मारपीट की। सोमवार की शाम महिला ने लोगों के सहयोग से व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

पुष्प सवेरा
आगरा, मंगलवार 9 सितम्बर, 2014
www.pushpsavera.net

# पति पर लगाया बेटी से अश्लील हरकत का आरोप

वृन्दावन। कुछ महीनों पूर्व खुद के साथ हुए बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला अब अपने पति पर ही अपनी बेटी के साथ बलात्कार का प्रयास किये जाने का आरोप लगा रही है। नोटरी शपथपत्र के साथ पति-पत्नी बने पति पर पत्नी की बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोप है। पुलिस के पास फरियाद लेकर पहुंची महिला की तहरीर पर पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार अभी कुछ समय पूर्व एक महिला ने तीन लोगों पर अपने साथ बलात्कार किये जाने की रिपोर्ट न्यायालय के आदेश पर दर्ज करायी थी, जिसमें फाइनल रिपोर्ट लग चुकी है। अब उस महिला ने अपने पति पर ही अपनी बेटी के साथ बलात्कार का प्रयास किये जाने की तहरीर दी है।

ज्ञानगुदड़ी क्षेत्र में रहने वाली सीमा (काल्पनिक नाम) ने हाल ही में नोटरी शपथपत्र के माध्यम से पति बने युवक इन्दू पर अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किये जाने का आरोप लगाया है। सोमवार को थाने पहुंची पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि इस युवक ने लगभग एक वर्ष पूर्व झांसा देकर मुझसे शादी रचा ली। बीते 6 सितम्बर को इस युवक द्वारा उसकी बड़ी बेटी रीमा (काल्पनिक नाम) के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया, इसका खुलासा तब हुआ जब वह बाजार से घर लौटी। इस पर सीमा (काल्पनिक नाम) ने सम्पूर्ण घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

Regional Supplement of
Punjab Kesari, Delhi

उत्तर प्रदेश केसरी

4

10 सितम्बर, 2014, बुधवार

# किशोरी और विवाहिता के साथ दुष्कर्म का प्रयास

मथुरा, (मुकेश कुशवाह): थाना वृंदावन के मौहल्ला ज्ञानगुदड़ी का के एक मकान में अकेली 13 वर्षीय किशोरी को इन्दू जैन पुत्र श्रीपाल जैन निवासी देवराह थाना जतारा जिला टीकमगढ़ (म.प्र.) ने दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। किशोरी के शोर मंचाने पर आरोपी वहां से भाग गया। उधर थाना मगोर्रा के ग्राम रसूलपुर में मुकेश पुत्र राजपाल निवासी रसूलपुर गांव के झम्मन पुत्र नत्थी से रंगदारी के रूप में 30 हजार रुपए की मांग करने लगा। पीड़ित के विरोध करने पर वह मारपीट पर उतारु हो गया। उसी दौरान पीड़ित को बचाने आई उसकी पुत्रवधू को आरोपी ने पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया लेकिन जब आरोपी ने खुद को घिरता देखा तो जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

दैनिक जागरण

आगरा | मंगलवार | 15 जुलाई 2014

# बाल विवाह के खिलाफ होना पड़ेगा जागरूक

- सांदीपनि मुनि स्कूल में मंचन के जरिए कुरीति पर प्रहार

**वृंदावन:** भारतीय संविधान में विवाह की न्यूनतम उम्र लड़की के लिए 18 व लड़के की 21 वर्ष निर्धारित है। इससे कम उम्र में विवाह कराने वाले माता-पिता एवं सहयोग करने वाले व्यक्ति कानूनन सजा के हकदारं हैं।

यह बात बुर्जा मार्ग स्थित सांदीपनि मुनि स्कूल में सोमवार को बाल विवाह निषेध कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ओमवीर सिंह ने कही। उन्होंने कहा कानून तभी कारगर साबित हो सकता है जब कानून से मदद मांगी जाये। इसके लिये समाज को जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा बाल विवाह की स्थिति में समाज का कोई भी जागरूक व्यक्ति 100 नंबर या महिला हेल्प लाइन 1090 अथवा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर शिकायत दर्ज करवा सकता है। बार एसोसिएशन के सचिव प्रदीप शर्मा ने कहा कि स्कूल द्वारा आयोजित कार्यक्रम सराहनीय है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपशिखा इंजीनियर ने कहा कि बाल विवाह कानूनी रूप से गलत है। बाद में स्कूली बच्चों ने विभिन्न नाट्य प्रस्तुति दी। इसके अलावा जूडो-कराटे, राजस्थानी लोक नृत्य, योगासन, रूस का लोक नृत्य, बाल विवाह विषय पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया। प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह ने कहा कि निर्णय लिया है कि प्रत्येक बालिका के माता-पिता या अभिभावक से वह शपथ पत्र लेंगे। रघुनाथ दास, नीरज सहगल, सीमन्त शर्मा, सुनील लवानियां, योगेश, अमित, सिद्धार्थ मल्लिक, अशोक कुमार, पार्थ सारथी मौजूद रहे। संचालन प्रीति शर्मा एवं पूनम पच्चीसिया ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रतिभा शर्मा ने किया।



सांदीपनि मुनि स्कूल में बाल विवाह निषेध कार्यक्रम के तहत बालिकाओं ने नाट्य कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए।

# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

गुरुवार, 12 जून 2014, आगरा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण | मथुरा संस्करण | www.livehindustan.com


सुनरख वन क्षेत्र को हराभरा करने के उद्देश्य से लगाये गये थे, लेकिन सूख गए

# देखरेख के अभाव में नष्ट हुए हजारों पेड़

वृन्दावन | हिन्दुस्तान संवाद

ब्रज वृन्दावन हेरीटेज एलायंस ने सुनरख वन भूमि का जायजा लिया। एलायंस के पदाधिकारियों ने गर्मी में देखरेख के अभाव वनोत्सव पर डीएम एवं एसएसपी सहित प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में लगाए गए वृक्षों का हाल बुरा पाया। एक वर्ष पूर्व लगे 16000 वृक्षों में से आधे से अधिक पेड़ नष्ट हो गए। इस पर एलायंस ने रोष जताते हुए वन विभाग को सुझाव दिए हैं।

एलायंस के वरिष्ठ सदस्य बाबा मदनबिहारी दास महाराज के साथ एक दर्जन से अधिक एलायंस के पदाधिकारियों ने सुनरख रिजर्व फोरेस्ट में एक वर्ष पूर्व लगे पौधों का जायजा लिया। वन भूमि की दुर्दशा एवं पौधों की सिंचाई में खारी का प्रयोग, सुरक्षा के नाकाफी इंतजामात, वन कर्मचारियों की कमी एवं पौधों के देखरेख का घोर अभाव देखा। एलायंस सदस्य आचार्य नरेश नारायण एवं पार्थ सारथी ने कहा कि वन भूमि में पौधों की रेखरेख उचित तरीके से नहीं की जा रही है बल्कि यहां संसाधनों का अभाव है। इसमें उन्हें वन अधिकारियों की साजिश की बू आ रही है। उनका कहना है कि सुनरख रिजर्व फोरेस्ट की भूमि कीमती है। वह भूमि को भूमाफियाओं को देना चाहते हैं। वन विभाग के कुछ अधिकारी यहां किसी तरह की वन एवं पौधे लगाना नहीं चाहते। जो पौधे लगे हैं।

उनको खारे पानी से सिंचाई करना और उनकी देखरेख का अभाव इस ओर इशारा करता है। यही कारण है कि इस भूमि में पेड़ लगाने में शुरुआत से ही वन विभाग के अधिकारियों ने अनबन की है। राधेश्याम चौधरी एवं प्रेम सिंह प्रधान ने कहा कि जो जिस तरह सर्दियों में पाले के कारण तीन हजार से अधिक पेड़ नष्ट हुए। लेकिन वन विभाग ने उनकी भरपाई करने के लिए पुनः लगाए। इसी प्रकार यहां गर्मी से नष्ट हो रही पेड़ों की भरपाई पुनः पेड़ लगाकर की जाए।

छटीकरा के प्रधान प्रेम सिंह ने घोषणा की है कि यह पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो जाने पर वह यहां पांच सौ कदंब, तमाल के पौधे लगाने की घोषणा करते हैं। बाबा मदनबिहारी दास महाराज एवं एलायंस के सदस्यों ने वन भूमि का जायजा लेने के पश्चात विचार विमर्श किया। इसमें वन भूमि में व्यवस्था में सुधार लाने के लिए सुझाव तैयार किए हैं। इस अवसर पर रघुनन्दन अग्रवाल, प्रेम पंडित, दानबिहारी शर्मा आदि उपस्थित थे।

## सुनरख वन भूमि

- एलायंस की टीम ने सुनरख वन भूमि में पेड़ों का लिया जायजा
- वन भूमि मे कर्मचारियों और संसाधनों का देखा अभाव



## वन विभाग का दिए सुझाव

- राजस्थान की तर्ज पर गर्मी से बचाने के लिए फव्वारे लगाए जाए-
- सुनरख वन भूमि में कर्मचारी की संख्या बढ़ाई जाए-
- मीठे पानी की समुचित व्यवस्था की जाए
- वन भूमि में सफाई व्यवस्था की दुरुस्त की जाए
- बारिश के पानी को जमा करने के लिए टेंक बनाए जाए
- वन क्षेत्र की सुरक्षा चौकस की जाए
- अधिक से अधिक घने वृक्ष लगाए जाए
- नष्ट हुए वृक्षों के स्थान पर पुनः वृक्ष लगाए जाए।

कल्पतरु एक्सप्रेस
www.kalptaruexpress.com
मथुरा, शुक्रवार, 13 जून 2014

# सुनरख वन के निरीक्षण में सूखे मिले पौधे

कल्पतरु समाचार सेवा

वृंदावन। सुनरख वन क्षेत्र की 119 एकड़ भमि पर वन विभाग की लापरवाही से रौपे गए पौधे सूख गए हैं। बृज वृंदावन हैरिटेज एलाइंस के सदस्यों ने इस वन का निरीक्षण किया है।

बृज वृंदावन हैरिटेज एलाइंस के सदस्यों ने एक वर्ष पूर्व इस वन भूखण्ड को विकसित करने के लिये जिला प्रशासन से विनम्र प्रार्थना करते हुए व्यापक लिखा पढ़ी की गयी थी। परिणाम स्वरूप जिलाधिकारी विशाल चौहान द्वारा वन विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता देखते हुए स्वयं इस कार्य में रूचि दिखाई और बीएएचए को सुनरख वन क्षेत्र की 119 एकड़ भमि पर वन लगाने एवं उसे जन उपयोगी बनाने के लिए आश्वासन दिया। इसी के अन्तर्गत पांच जून 2013 को वन महोत्सव के अन्तर्गत अनेकों स्कूली बच्चों एवं जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया, जिसमें 12500 पौधे लगाये गये।

वन विभाग के कर्मचारियों की उदासीनता से जल का अभाव दिखाते हुए इन वृक्षों को नष्ट किया जा रहा है। एमवीडीए उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रताप ने इस भूखण्ड पर जल की व्यवस्था करने एवं तालाबों, झील आदि का निर्माण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उस विभाग द्वारा आज तक अपने दायित्व की पूर्ति नहीं की गयी। अगर इस भूखण्ड को व्यवस्थित रूप से संरक्षित नहीं किया गया तो ब्रज वृंदावन हैरिटेज एलाइंस उच्च स्तर पर आंदोलन रूप लेगी। श्रीधाम् वृंदावन में विश्व के अनेकों तीर्थयात्री एवं पर्यटक उपस्थित होते हैं एवं हरियाली विहीन वृंदावन को देखकर यहां की नगर पालिका, जिला प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों को कोसते हैं। वन विभाग के क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिये बीएएचए के प्रमुख सदस्य बाबा मदन बिहारी दास महाराज, आचार्य नरेश नारायण, राधेश्याम चौधरी, पार्थ सारथी, सेठ रघुनंदन अग्रवाल, प्रेम सिंह प्रधान छटीकरा आदि उपस्थित रहे।

# दैनिक जागरण

वर्ष 1 अंक 1
पृष्ठ 18
मथुरा, गुरुवार
12 जून 2014
नगर
मूल्य ₹ 2.50


## सुनरख वन परियोजना की अनदेखी पर रोष

- वन विभाग से पानी मुहैया कराने की अपील



सुनरख वनीकरण योजना का निरीक्षण करते बाबा मदन बिहारीदास, नरेश नारायण व अन्य लोग। जागरण

जागरण संवाददाता, वृंदावन: सुनरख वन परियोजना की अनदेखी और सूख रहे वृक्षों का निरीक्षण करने बुधवार को ब्रज वृंदावन हैरिटेज एलाइंस के पदाधिकारी पहुंचे। उन्होंने वन की अनदेखी को इसकी दुर्दशा के लिए जिम्मेदार ठहराया।

छटीकरा मार्ग स्थित सुनरख वन परियोजना का शुभारंभ ब्रज वृंदावन हैरिटेज एलायंस की मांग पर 5 जून 2013 को जिला प्रशासन के अधिकारियों और वन अधिकारियों ने 119 एकड़ भूमि को संरक्षित कर शुरू की थी। जिसमें 12 हजार 500 वृक्ष लगाकर उन्हें संरक्षित करने एवं श्रद्धालुओं के ठहरने और आकर्षण का केंद्र स्थापित करने की योजना तैयार की थी। लेकिन इसकी अनदेखी से यहां लगाये गये हजारों वृक्ष सूख चुके हैं। पूरे वन में पानी की उचित व्यवस्था भी नहीं की गई।

एलायंस पदाधिकारियों का आरोप है कि वर्तमान में वन विभाग की लापरवाही से हजारों वृक्ष नष्ट हो चुके हैं। वन विभाग के कर्मचारियों की उदासीनता से जल का अभाव दिखाते हुए इन वृक्षों को नष्ट किया जा रहा है जबकि विप्रा उपाध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप ने इस भूखण्ड पर जल की व्यवस्था करने एवं तालाबों, झील आदि का निर्माण करने का आश्वासन दिया गया, किन्तु उस विभाग द्वारा भी आज तक अपने दायित्व की पूर्ति नहीं की गई। अगर इस भूखण्ड को व्यवस्थित रूप से संरक्षित नहीं किया गया तो व्रज वृन्दावन हैरिटेज एलाइन्स उच्च स्तर पर लिखा पढ़ी करते हुए आंदोलन का रूप लेगी।

एलायंस के पदाधिकारी बाबा मदनबिहारी दास ने कहा, श्रीधाम वृन्दावन में विश्व के अनेकों तीर्थयात्री एवं पर्यटक आते हैं। ये श्रद्धालु हरियाली विहीन वृन्दावन को देखकर यहां की नगर पालिका, जिला प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों को कोसते हैं। उन्होंने कहा श्रीधाम वृन्दावन एवं ब्रजभूमि को हरा-भरा बनाने के लिये एलायंस प्रतिबद्ध है, इसके लिए जो भी उचित कार्रवाई होगी की जाएगी।

इस मौके पर आचार्य नरेश नारायण, राधेश्याम चौधरी, पार्थ सारथी, सेठ रघुनन्दन अग्रवाल, प्रेम सिंह, प्रधान मौजूद रहे।

अमर उजाला

आगरा | शनिवार | 5 जुलाई 2014

# 4500 तुलसी के पौधों से सुशोभित होगी धरा

## वन महोत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में किया पौधवितरण

अमर उजाला ब्यूरो

**वृंदावन।** फूड फॉर लाइफ वृंदावन एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में संदीपनि मुनि स्कूल में वन महोत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में तुलसी के पौधे वितरित किए गए।

संस्था के उपाध्यक्ष नीरज सहगल ने कहा कि वृंदावन तुलसी के नाम से जाना जाता है। हमारा प्रयास है कि वृंदावन के प्रत्येक घर आंगन में कम से कम एक तुलसी का पौधा अवश्य हो। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सौजन्य से कुल 4500 पौधे वितरित होने हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को 1000 पौधे विद्यार्थियों को वितरित किए गए और 3500 पौधे नगर के विभिन्न स्थलों पर वितरित किए जाएंगे।



छात्राओं को तुलसी के पौधे वितरित करते अतिथि।

बाबा मदन बिहारी ने कहा कि पावन वृंदावन में तुलसी उपवनों का अभाव हो गया है, हम सबको मिलकर वृंदावन के स्वरूप की रक्षा हेतु वृंदा देवी के पौधे लगाकर कृष्ण भक्ति प्राप्त करनी चाहिए।

आचार्य नरेश नारायण ने कहा कि वृंदा भगवान की प्रिय सखी हैं। वृंदावन में वृंदा देवी का ही महत्व है। पार्थ सारथी, सीमंत शर्मा, राजेंद्र सिंह, सिद्धार्थ मल्लिक, अमित दास, दीपानंद दास, पवन आदि मौजूद थे।

आगरा । शनिवार 05 जुलाई 2014

अकिंचन भारत

# प्रत्येक घर-आंगन में एक तुलसी पौधा अवश्य हो

■ उप्र नियंत्रण बोर्ड के सौजन्य से तुलसी पौधा वितरण




वृन्दावन में सांदीपनी मुनि स्कूल पर विद्यार्थियों को तुलसी पौधे सौंपते पदाधिकारी

वृन्दावन। फूड फॉर लाइफ एवं उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में चैतन्य बिहार स्थित सांदीपनी मुनि स्कूल में वन महोत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजकों द्वारा बच्चों को तुलसी के पौधे वितरित किए गए।

संस्था उपाध्यक्ष नीरज सहगल ने कहा कि श्रीधाम वृंदावन को वृंदा अर्थात तुलसी के नाम से जाना जाता है। आज दुर्भाग्य से यह कंकरीट जंगल में परिवर्तित होता जा रहा है। हमारा प्रयास है कि श्रीधाम के प्रत्येक घर-आंगन में कम से कम एक तुलसी का पौधा अवश्य हो। इसी संदर्भ में कुल 4500 पौधे वितरण होने हैं, जिनमें एक हजार पौधे आज विद्यार्थियों को वितरित किए गए हैं तथा शेष 3500 पौधे नगर के विभिन्न स्थलों पर वितरित किए जाएंगे। बाबा मदनबिहारी ने कहा कि श्रीधाम में वृंदा देवी की उपासना से भगवान की सच्ची भक्ति प्राप्त होती है, इसी के लिए विश्व के लोग यहां आते हैं। ऐसी पावन स्थली में तुलसी उपवनों का अभाव हो गया है, हम सबको मिलकर इसकी पूर्ति करनी चाहिए। आचार्य नरेशनारायण ने कहा कि बिना तुलसी के भगवान भी भोग स्वीकार नहीं करते हैं। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा तुलसी के पौधे रोपित करने चाहिए।

इस कार्यक्रम में सीमंत शर्मा, राजेंद्र सिंह, सिद्धार्थ मल्लिक, अमित दास, दीपानंद दास, पवन, अनिल आदि उपस्थित थे। संचालन पार्थ सारथी ने किया।